卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 58 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦5 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

KJ KUMAON JEWELLERS
TRUSTED TRADE
50% Off On Making Charges
100% Hallmarked HUID Jewellery Showroom
Bhotia Parao, Near Taxi Stand Nainital Road, Haldwani
Unchapul, Near Devashray Colony, Haldwani
Opp. P.A.C. Gate No. 2 Near ICICI Bank Rudrapur (U.S Nagar) Uttarakhand
Near Soban Singh Jeena Base Hospita, Haldwani Uttaranchal Trade Centre, Tikonia, Haldwani
Ph.: 9759290502, 8791172502
E-mail.: verma.sanjeev9759@gmail.com

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444262
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## हादसे में एक की मौत, चार गंभीर

### रामनगर मार्ग पर बेलपोखरा में स्कूटी और बाइक की जोरदार भिड़ंत

कालाढुंगी( उद संवाददाता)। रामनगर मार्ग पर बेलपोखरा के पास सोमवार रात स्कूटी और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गयी। हादसे में स्कूटी सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है। जबकि शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलपोखरा पोखरा निवासी दो भाई सोमवार देर शाम स्कूटी से बैलपड़ाव को जा रहे थे जबकि बाइक सवार तीन लोग बेलपड़ाव से कमोला आ रहे थे। इस दौरान बेलपड़ाव पुलिस चौकी से पहले बेल पोखरा के पास स्कूटी और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये और स्कूटी में सवार 48 वर्षीय तारादत्त जोशी निवासी ग्राम बन्दरजूडा बैलपोखरा की मौके पर मौत हो जबकि जबकि मृतक के 42 वर्षीय भाई चन्द्रशेखर जोशी बन्दरजुडा कालाढूंगी गंभीर रूप से घायल हो गये। वही बाइक पर सवार रोहित, मनीष कुमार और अजय कुमार निवासी कमोला भी गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद आस पास के लोग मौके पर एकत्र हुए। लोगों की सूचना पर 108 मौके पर पहुंची और सभी घायलों को 108 सेवा से सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया। जहां घायलों का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के सम्बंध में थाना प्रभारी कालाढूंगी नंदन सिंह रावत ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। उधर हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सामने से आ रही कार की लाइट के चलते स्कूटी और बाइक सवार एक दूसरे को नहीं देख पाए जिसके चलते हादसा हुआ है।

## सीओ रानीखेत का हार्ट अटैक से निधन

### भतीजी की शादी में शामिल होने आए थे काशीपुर

काशीपुर( उद संवाददाता)। रानीखेत पुलिस उपाधीक्षक टी आर वर्मा का दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया । वह भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी लेकर काशीपुर आए थे। इस दुखद घटना के बाद पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गयी। जानकारी के मुताबिक सीओ वर्मा अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी पर अपने घर भरतपुर, काशीपुर आए थे। 3 दिसंबर को उनकी भतीजी की शादी थी। शादी के बाद वे बीती रात अपने कवीनगर काशीपुर स्थित आवास पर आ गए थे। मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे अचानक उन्हें हार्ट अटैक आया। जिसके बाद परिजन उन्हें मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ले गये। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी (शेष पृष्ठ सात पर)



## विदेश भेजने के नाम पर साढ़े आठ लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कनाडा का वीजा बनाने के नाम पर एक और ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि वीजा बनाने वाले एक प्रतिष्ठान ने साढ़े आठ लाख लेकर फर्जी वीजा बना दिया। बाद में पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की गयी है। ग्राम नजीमाबाद थाना किच्छा निवासी सोहन सिंह पुत्र मंगल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका पुत्र कुलदीप सिंह वर्तमान में लंदन में है। उसने अपने पुत्र कुलदीप सिंह का लंदन से कनाडा का वीजा बनाने हेतु रूद्रपुर स्थित फ्यूचर इमिग्रेशन के पार्टनर हरपाल मानस व कनवर विर्क से बात की। 17 जुलाई 2023 को उन्होंने आवेदन कराया। जिसमें 50 हजार रूपये बतौर एडवांस नकद लिये गये और वीजा आने पर 8 लाख 15 सितम्बर 2023 को लिये। जब कुलदीप सिंह ने लन्दन से कनाडा जाने हेतु एयरपोर्ट जाकर वीजा दिखाया तो पता चला कि उक्त वीजा फर्जी है, जिस कारण पुत्र को एयरपोर्ट पर तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ा उसकी जेल जाने तक की नौबत आ गयी। जिसके बाद हरपाल मानस व कनवर विर्क से बात की गयी तो वह 8 दिन के अन्दर पक्का वीजा (शेष पृष्ठ सात पर)

## जमीन बेचने के नाम पर डॉक्टर से 2.40 करोड़ की ठगी

### झांसा देकर अपनी जमीन के साथ सगे भाईयों की जमीन का भी कर दिया सौदा

काशीपुर (उद संवाददाता)। जमीन बेचने के नाम पर शहर के एक चिकित्सक से 2.40 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। चिकित्सक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में श्री कृष्णा हॉस्पिटल के स्वामी गिरीताल कालोनी निवासी डा0 मयंक अग्रवाल पुत्र के०के० अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने नर्सिंग होम के लिए 2 एकड़ जमीन ग्राम पट्टी बज्जर में अमरजीत सिंह, प्रीतम सिंह, गुरकरन सिंह से 2021 में खरीदी थी। नर्सिंग कालेज के लिये उक्त भूमि कम पड़ने पर अरमजीत सिंह से करीब 3 एकड़ जमीन और दिलाने के लिए कहा तो अमरजीत सिंह ने उन्हें बताया कि मेरी 3 एकड़ जमीन नर्सिंग होम वाली जमीन के पास ही है। उक्त जमीन का एक करोड़ रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से 17 अक्टूबर 2022 को सौदा हुआ। सौदा तय होने के बाद अमरजीत सिंह को 10 लाख रूपये बयाने के रूप में दिये गये। बयाना देने लेने के दौरान अमरजीत सिंह ने 10 मार्च 2023 तक रजिस्ट्री कराने का वायदा किया था। इसके बाद अलग अलग तिथियों में अमरजीत सिंह को 2 करोड़ 40 लाख 50 हजार रूपये भुगतान कर दिये गये। जब अमरजीत सिंह से मार्च 2023 में क्रयशुदा जमीन की रजिस्ट्री करने को कहा तो वह टाल मटोल करने लगा। उसने तय सीमा के अन्दर उक्त जमीन की रजिस्ट्री नहीं करवायी। अमरजीत सिंह की बातों में संदेह होने पर उक्त जमीन की खसरा खातौनी निकलवायी तो पता चला कि अमरजीत सिंह के नाम केवल डेढ़ एकड़ ही जमीन थी और डेढ़ ऐकड़ (शेष पृष्ठ सात पर)

## भूखण्ड बेचने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

काशीपुर (उद संवाददाता)। भूखण्ड बेचने के नाम पर एक व्यक्ति द्वारा लाखों रूपयों की धोखाधड़ी कर ली गई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपीं के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं । दर्ज रपट में प्रमोद कुमार रावत पुत्र राजन सिंह रावत निवासी ग्राम पटान बंस पिथौरागढ़ हाल निवासी एसडीएम कोर्ट के पास जसपुरखुर्द काशीपुर थाना आईटीई ने यूके कन्सट्रक्शन कम्पनी ,जसपुर खुर्द काशीपुर द्वारा डायरेक्टर अहसान अली पुत्र मोहम्मद अली निवासी मोहल्ला जसपुर खुर्द काशीपुर थाना आईटीआई के विरूद्ध कहा है कि उसने जसपुर खुर्द काशीपुर में एक प्लाट 18 लाख (शेष पृष्ठ सात पर)

## नगदी और जेवर समेटकर महिला बच्चों सहित फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल की एक फैक्टरी में काम करने वाले श्रमिक की गैर मौजूदगी में उसकी पत्नी घर से हजारों की नगदी, जेवरात तथा बच्चों को साथ लेकर फरार हो गई। श्रमिक ने मामले में कार्रवाई को लेकर पुलिस से गुहार लगाई है। वीरपाल पुत्र मुन्ना लाल शर्मा हाल निवासी ट्रांजिट कैंप मूल निवासी ग्राम परेवा तुरहा तह० बीसलपुर जिला पीलीभीत ने कहा है कि 3 दिसंबर को सायं करीब 7 बजे वह हर दिन की तरह काम करने के लिये आई आई ई सिडकुल स्थित कंपनी में चला गया था। 4 दिसंबर को सुबह करीब 7:30 बजे अपना काम समाप्त कर अपने कमरे पर आया तो देखा कि उसके कमरे से सारा सामान गायब था। उसकी पत्नी रीना तथा (शेष पृष्ठ सात पर)

## 25 लाख और कार के लिए विवाहिता पर जुल्म

काशीपुर (उद संवाददाता)। 25 लाख रूपये नगद और कार की और दहेज मांग को लेकर ससुरालियों द्वारा विवाहिता का उत्पीड़न करने पर पीड़िता की शिकायत पर एएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में पीड़िता का कहना है कि उसका विवाह 22.05.2021 को जय कुमार उपाध्याय पुत्र स्व. ज्योति कुमार निवासी कासर बड़ोली, थोड बन्दर रोड थाना मुम्बई के साथ सरसेना जिला मऊ में हुआ था। जिसमें परिजनों ने लगभग 50 लाख रूपये खर्च किये थे। विवाह के उपरान्त वह अपना 25, लाख रुपये कीमत के जेवर व सारा स्त्रीधन लेकर अपनी ससुराल में रहने लगी। आारोप है ससुराल में जाने के उपरान्त उसके पति जय कुमार, सास नीलम, नन्द रश्मि ने उसका सारा स्त्रीधन अपने कब्जे में ले लिया और उसे कम दहेज लाने के ताने देते हुए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। वह 25 लाख रूपये एवं एक एमजी हैक्टर कार की मांग करने लगे। ज्यादा टॉर्चर करने पर उसके पिता ससुराल पहुंचे तो पति जय कुमार, सास नीलम, नन्द रश्मि ने यह कहते हुए पिता के साथ भेज दिया कि जब तक 25 लाख रूपये एवं कार नहीं देगे, तब तक पुत्री को हमारे यहां मत भेजना। 2 दिसंबर उसके पिता भाई व पिता के मित्र उसे ससुराल मुम्बई छोड़कर आये । उसके बाद ससुराली उसे और ज्यादा टॉर्चर करने लगे। 3 मार्च 2023 (शेष पृष्ठ सात पर)

## गर्भवती बहू को जान से मारने की कोशिश

काशीपुर( उद संवाददाता)। दहेज लोभी ससुरालियों द्वारा दहेज मांग पूरी न होने पर गर्भवती बहू का गला दबाकर उसे जान से मारने की कोशिश की गई। पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि उसकी शादी विनय कुमार यादव पुत्र धर्मपाल सिह निवासी हिम्मतपुर, हेमपुर इस्माईल, काशीपुर के साथ 28-2-2023 को हुई थी।परिजनों ने शादी मे हैसियत के अनुसार काफी दान दहेज उपहार स्वरूप विजय कुमार व उसके घर परिवार वालो व रिश्तेदारो को दिया था। शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति विजय कुमार यादव, सास श्रीमति चन्दना देवी, ससुर धर्मपाल सिंह, देवर मनीष, नन्द सुषमा तहेरे जेठ रमन, जेठानी विमला देवी, विजय (शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिस ने धार्मिक स्थल का अवैध निर्माण रूकवाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा रोड पर नमाज के लिए समुदाय विशेष के लोगों ने रातों रात फर्श का निर्माण करा दिया। इसकी जानकारी मिलते ही हिंदु संगठनों को लोग भड़क गये उन्होंने विरोध प्रकट करते हुए मामले की सूचना पुलिस को दी जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रूकवा दिया। प्राप्त



जानकारी के अनुसार किच्छा रोड स्थित उदय रेजेंसी होटल के पास कुछ लोगों ने भूमि कब्जाकर रातों रात नमाज पड़ने के लिए फर्श का निर्माण करवा दिया। मंगलवार सुबह भी वहां निर्माण कार्य चल रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर हिंदु नेता विपिन शर्मा समेत कई लोग वहां पहुंच गये (शेष पृष्ठ सात पर)

# पीएम मोदी के आगमन पर स्वागत की तैयारियों में जुटा भाजपा प्रदेश संगठन

## तीन राज्यों में प्रचंड जीत से खुशी की लहर,सीएम धामी और कैबिनेट मंत्रियों को अग्रवाल ने खिलायी मिठाई





देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तराखंड में 8 एवं 9 दिसम्बर 2023 को आयोजित होने वाले निवेशक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में आगमन पर होने वाले कार्यक्रमों की प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार ने तैयारियों को लेकर बैठक में वरिष्ठ नेताओं से मंत्रणा की। सोमवार को प्रदेश भाजपा संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि पीएम मोदी के आगमन पर स्वागत अभिनंदन की रूपरेखा तैयर की जा रही है। बैठक में प्रदेश महामंत्री, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी,देहरादून महानगर के समस्त विधायक , दायित्वधारी ज्योति प्रसाद गैरोला एवं अनिल डब्बू उपस्थित रहे। गौरतलब है कि देश के तीन बड़े राज्यों में भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की है। वहीं कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने कैबिनेट बैठक के बाद भाजपा को मिली जीत पर खुशी का इजहार करते हुए सीएम धामी सहित कैबिनेट मंत्रीगणों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। भारतीय जनता पार्टी ने देश के तीन बड़े राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जीत हासिल की है। जिसको लेकर पूरे देश के बीजेपी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने जीत की खुशी आज कैबिनेट बैठक के बाद सीएम धामी के साथ ही कैबिनेट मंत्रीगणों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। सचिवालय में कैबिनेट बैठक के बाद मिठाई खिलाकर बधाई देने के बाद मंत्री डा. अग्रवाल ने कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 'मोदी फैक्टर' प्रमुख कारण रहा है। कहा कि तीन बड़े राज्यों में मिली जीत की इस हैट्रिक ने 2024 की हैट्रिक की गारंटी दे दी है। डा. अग्रवाल ने कहा कि हमारे सीएम पुष्कर सिंह धामी को भी राजस्थान और मध्यप्रदेश में नौ विधानसभाओं में प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिनमें सभी पर भाजपा प्रत्याशियों को जीत हासिल हुई। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जिस भी जिम्मेदारी को सीएम धामी को सौंपते है अब तक सीएम धामी उस पर खरे उतरते आए हैं। कैबिनेट मंत्री डा. अग्रवाल ने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी का जलवा देश के दूसरे राज्यों में भी देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे पीएम मोदी ने देश में चार जातियों नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और गरीब परिवार के उत्थान के लिए सदैव कार्य किया। आज देश का युवा पीएम मोदी से उम्मीदें कर रहा है। यही कारण है कि तीनों बड़े राज्यों में जीत का आधार प्रथम बार वोट दे रहे युवाओं पर भी रहा। कहा कि युवाओं का मानना है कि बीजेपी की सरकार युवा हितैषी होती है। युवाओं के लिए नए अवसर बनाने वाली होती है।

# विधानसभा चुनावों के नतीजों से कांग्रेस नेताओं को लगा झटका

## उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर नई रणनीति तैयार करने में जुटे कांग्रेस नेता

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस को देश के तीन प्रमुख



राज्यों में मिली हार के बाद झटका लगा है। बीते वर्ष पड़ोसी राज्य हिमाचल के विस चुनाव में जीत की जो ऑक्सीजन मिली थी, इस हार ने उसे निराशा में बदल दिया है। निश्चित तौर पर वर्ष 2024 के लोस चुनावों में इन परिणामों का असर देखने को मिलेगा। छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विस चुनाव में उत्तराखंड कांग्रेस के नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन वह कोई बड़ा कमाल नहीं दिखा पाए। छत्तीसगढ़ में पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व सीएलपी लीडर प्रीतम सिंह को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया था। वहीं एक दिन पहले जीत की पूरी उम्मीद के साथ उन्हें कांग्रेस विधानमंडल की बैठक में समन्वय बनाने के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है। दूसरी तरफ राजस्थान में पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल को स्कीनिंग कमेटी में रखा गया था, वहीं वरिष्ठ नेता डॉ.हरक सिंह रावत को सह पर्यवेक्षक बनाया गया था। जबकि एआईसीसी के सचिव होने के नाते काजी निजामुद्दीन चुनाव से बहुत पले से वहां डटे हुए थे। पार्टी नेताओं की मानें तो इसके लिए उत्तराखंड कांग्रेस नए मनोयोग से बीते 10 सालों का सूखा खत्म करने के लिए मैदान में उतरेगी। उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों टिहरी, पौड़ी गढ़वाल, हरिद्वार अल्मोड़ा और नैनीताल–ऊधमसिंह नगर में कांग्रेस बीते दो चुनावों (वर्ष 2014 और 2019) में एक भी सीट नहीं जीत पाई है। दोनों ही बार पांचों सीटें भाजपा के खाते में गई हैं।इस बार भाजपा जहां पांचों सीटों पर हैट्रिक बनाने के इरादे से मैदान में उतरेगी, वहीं कांग्रेस को नए सिरे से कसरत करनी पड़ेगी। राजनीति के जानकारों की मानें तो इन राज्यों में हार और जीत का असर लोस चुनाव में स्पष्ट तौर पर देखने को मिलेगा। उत्तराखंड भी इससे अछूता नहीं रहेगा।वहीं पार्टी उपाध्यक्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी की मानें तो लोकसभा और विधानसभ चुनाव के मुद्दे भिन्न होते हैं, ऐसे में इन चुनाव परिणामों का आगामी लोस चुनाव में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने इस हार को अप्रत्याशित बताया। कहा, उत्तराखंड में पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और पांचों सीटों पर जीत दर्ज करेगी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि हमें जो जनादेश मिला है, उसके लिए तेलंगाना की महान जनता का आभार प्रकट करता हूं। मैं उन सभी को भी धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हमें वोट दिया। इन तीन राज्यों में हमारा प्रदर्शन निस्संदेह निराशाजनक रहा है, लेकिन दृढ़ संकल्प के साथ वहां फिर मजबूत बनेंगे। अस्थायी असफलताओं से उबरेंगे और लोकसभा चुनावों के लिए खुद को पूरी तरह से तैयार करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि लोकतंत्र में जनता जनार्द्धन का निर्णय सर्वोपरी होता है। संभवत: हम तीन महत्वपूर्ण राज्यों में अपनी बात पहुंचाने में नाकाम रहे। पार्टी ने जनता की बेहतरी से जुड़े तमाम वायदे किए थे, लेकिन हम उन्हें ठीक से जनता के बीच नहीं पहुंचा पाए। निश्चित तौर पर इस हार के बाद पार्टी रह गई कमियों पर मंथन करेगी। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव हम पूरी सिद्दत से लड़ेंगे।

# उत्तराखण्ड के 18 उत्पादों को मिला जीआई टैग प्रमाण पत्र

## उत्तराखण्ड की चौलाई, झंगोरा, मंडुआ,अल्मोड़ा की मिर्च, बेरीनाग की चाय, बुरांस शरबत, रामनगर की लीची, रामगढ़ के आड़ू, माल्टा, पहाड़ी तोर की दाल भी शामिल





देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य है जिसे एक दिन में सबसे अधिक 18 जी.आई. प्रमाण पत्र मिले हैं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में जी.आई. प्रमाण पत्रों का वितरण किया। अब तक उत्तराखण्ड के कुल 27 उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है। राज्य को जो 18 नए जी.आई. प्रमाण पत्र मिले हैं उनमें उत्तराखण्ड चौलाई, झंगोरा, मंडुआ, लाल चावल, अल्मोड़ा लखोरी मिर्च, बेरीनाग चाय, बुरांस शरबत, रामनगर नैनीताल लीची, रामगढ़ आड़ू, माल्टा, पहाड़ी तोर, गहत, काला भट्ट, बिच्छूबूटी फैब्रिक, नैनीताल मोमबत्ती शामिल है। इसके अलावा कुमांऊनी रंगवाली पिछोड़ा, चमोली रम्माण मास्क तथा लिखाई वुड कार्विंग शामिल है। उत्तराखण्ड के नौ उत्पादों तेजपात, बासमती चावल, ऐपण आर्ट, मुनस्यारी का सफेद राजमा, रिंगाल क्राफ्ट, थुलमा, भोटिया दन, च्यूरा ऑयल तथा ताम्र उत्पाद को पहले ही जी.आई टैग प्राप्त हो चुका है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच के कारण ही आज भारत सरकार से उत्तराखण्ड के 18 उत्पादों को भौगोलिक सांकेतिक टैग युक्त प्रमाण पत्र मिल पाए हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन उत्तराखण्ड के लिए ऐतिहासिक है। इस अवसर पर कृषि एवं उद्यान मंत्री श्री गणेश जोशी, उत्तराखण्ड मण्डी परिषद एवं विपणन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अनिल डब्बू, प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार श्री भाष्कर खुल्बे, सचिव श्री आर मीनाक्षी सुंदरम, जी.आई. विशेषज्ञ श्री रजनीकांत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम धामी ने हरकी पैड़ी के प्रत्येक ब्रिज पर लाइटिंग सिस्टम लगाने के दिए निर्देश

हरिद्वार(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कैबिनेट की बैठक के बाद धर्मनगरी हरिद्वार पहुंचकर गंगा आरती मे प्रतिभाग किया। गंगा आरती के दौरान जहां उन्होंने हरकी पैड़ी पर राजा भागीरथी की तपस्या और मां गंगा के अवतरण का लाइट एंड शो के जरिए दर्शन कराने की घोषणा की।वहीं मुख्यमंत्री ने इस शक्तिपीठ और वहां समूचे क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की घोषणा कर दी।सीएम ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध हर की पौड़ी पर मां गंगा की आरती में प्रतिभा करने वाले गंगा के अवतरण का पूरा दृश्य लाइट एंड शो के जरिए पूरे वर्ष देखेंगे। इससे मां गंगा की महत्ता और उनके अवतरण में मनीषियों के तप का सीएम धामी ने कहा कि हरिद्वार की हर की पौड़ी पर आरती के समय के आसपास वाटर लेजर शो के लिए भी वह जल्द ही विचार करेंगे।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरकी पैड़ी स्थित घाटों के ब्रिज के सौंदर्यीकरण के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की ओर से



कनखल स्थित सतीकुंड को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के लिए उन्होंने सौंदर्यीकरण की घोषणा भी की। बता दें कि देशभर में कुल 52 शक्तिपीठों में कनखल स्थित सती कुंड जहां माता सती ने पिता दक्ष की यज्ञ में आहूति दे दी थी वह स्थल आज भी अपनी बदहाली बयां कर रहा है। गंगा तट से ज्ञान आने वाली पीढ़ी को भी होता रहेगा।यही नहीं सती कुंड के विकास कार्य और सौंदर्यीकरण को उन्होंने इस तरह करने की योजना बताई जो 52 शक्तिपीठों का दर्शन भी करा सके। यही नहीं 52 शक्तिपीठों का इतिहास व सटीक उनसे जुड़ा इतिहास भी पता चल सके ऐसी व्यवस्था की जाए। बनाए गए हरकी पैड़ी क्षेत्र के चहुंमुखी विकास और सौंदर्यीकरण को पूर्व में ही स्वीकृति दे दी गई है। इसी क्रम में उन्होंने ब्रिजों पर लाइटिंग सिस्टम कराने के निर्देश दिए। इससे धर्मनगरी हरिद्वार में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा ही इसकी अलग पहचान भी बनेगी।

# सीएम ने किया 'मेरी योजना' ई बुक का विमोचन

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा तैयार की गई पुस्तक ''मेरी योजना'' ई. बुक का विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने क्रियान्वयन विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आम जनता के हित में लागू की जाने वाली विभिन्न योजनाओं को पुस्तक के माध्यम से सरल भाषा में समझाने का प्रयास किया गया है। इससे जन सामान्य को जनहितकारी योजनाओं को सरल भाषा में समझने में सुविधा होगी। यह पुस्तक आमजनमानस के लिए उपयोगी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया की जानकारी, आवेदन कैसे और कहां करना है, इससे संबंधित जानकारी को सुलभता से समझाने की प्रक्रिया को पुस्तक के रूप में लाना निश्चित रूप से सभी के लिए उपयोगी रहेगा। सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन श्री दीपक कुमार ने बताया कि इस पुस्तक में लगभग 55 विभागों, संस्थाओं, संगठनों, बोर्ड, प्राधिकरण, एजेंसियों एवं आयोगों की लगभग 400 योजनाओं, नीतियों, कार्यक्रमों के मूलभूत सेवाओं, प्रमाण पत्रों, पोर्टल का समावेश किया गया है।

# बाल श्रमिक जांच के लिए श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने चलाया चेकिंग अभियान

गदरपुर(उद संवाददाता) । बाल श्रम रोकने के लिए श्रम परिवर्तन अधिकारी बाजपुर एम सी बेलवाल के नेतृत्व में सीडब्ल्यूसी की टीम ने नगर में कई दुकानों पर अभियान चलाया, टीम ने मुख्य बाजार स्थित होटल, ढाबों, दुकानों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों में बाल श्रमिकों के बारे में जानकारी प्राप्त की । टीम को मौके पर कोई भी बाल श्रमिक कार्य करते नहीं, मिला सूचना पर व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ कई व्यापारियों के साथ मौके पर पहुंच गए ,उन्होंने बिना सूचना के अभियान चलाने पर आपत्ति जताई ,एम सी बेलवाल ने कहा शासन से मिले निर्देश पर सत्यापन किया जा रहा है ।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
05944-246817

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# धूमधाम से मनाया नौसेना दिवस

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजपुर रोड स्थित राष्ट्रीय जल सर्वेक्षण कार्यालय में नौसेना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस वर्ष नौसेना दिवस की थीम "समुद्री क्षेत्र में परिचालन एवं तत्परता से मिशन की सफलता" है। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रथम द्विभाषीय नौसंचालन मानचित्र का लोकार्पण किया। राज्यपाल ने देशवासियों को नौसेना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना पर हम सब को गर्व है। उन्होंने कहा कि आज के दिन 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान भारतीय नौसेना के 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' की उपलब्धियों को भी याद करने का दिन है। राज्यपाल ने कहा कि जिस ट्रांसफॉर्मेशन, डिजिटलिटी के साथ भारतीय नौसेना काम कर रही है, वह हम सब के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक, कठोर प्रशिक्षण और रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से परिचालन दक्षता को अनुकूलित करने के लिए भारतीय नौसेना का समर्पण प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने कहा कि समुद्री क्षेत्र में भारतीय नौसेना राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने के साथ-साथ क्षेत्रीय स्थिरता और अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी के भारत को आत्मनिर्भर बनाने के स्वपन को भारतीय नौसेना अपने कौशल से साकार करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज नौसेना दिवस के अवसर पर सिंध दुर्ग से मा. प्रधानमंत्री जी ने छत्रपति शिवाजी महाराज जी के समुद्री क्षेत्र की जानकारी और कौशल की महत्ता का वर्णन कर एक प्रकार से हमें नौसेना और हमारी विराट विरासत से आत्मसात करवाया है। इस दौरान प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, चीफ हाइड्रोग्राफर, वॉइस एडमिरल अधीर अरोड़ा ज्वाइंट चीफ हाइड्रोग्राफर, रियल एडमिरल लोचन सिंह पठानिया, उत्तराखण्ड सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल आर. प्रेमराज समेत नौसेना एवं भारतीय सेना के अफसर मौजूद रहे।



# शक्तिफार्म में दिन में नहीं चलेंगे भारी वाहन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म से सिडकुल को जाने वाले भारी वाहनों से क्षेत्र मे हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सीओ सितारगंज ने जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों के साथ बैठक की। चौकी में आयोजित बैठक में सीओ ने चौकी प्रभारी को भारी वाहनों पर अंकुश लगाने के आदेश दिये। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों को रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक ही चलने दिया जाये। साथ ही कागज पूरे ना होने पर उचित कार्यवाही की जाये। चौकी शक्तिफार्म मे स्टाफ की कमी को देखते हुये उन्होंने दो सिपाही और पीआरडी से तत्काल शक्तिफार्म पुलिस चौकी मे शिफ्ट करने की बात कही। इसके अलावा बैठक में अवैध नशे के कारोबार का मुद्दा भी उठा। जिस पर सीओ ने नशे पर भी अंकुश लगाने की बात कही। इस मौके पर सुनील विश्वास, बिष्णु प्रमाणिक, कार्तिक रॉय, गोपाल सरकार, उत्तम आचार्य, संजय बछार, रविन्द्र सिंह, रविन्द्र अग्रवाल, शुभम गर्ग, विक्की मण्डल, संजय सिंह, नरेश साना, विजय वागला, जगदीश सिंह, सुखदेव सिंह, सुमित मण्डल, राजा हालदार, हर्ष वर्धन सिंह, देवू मण्डल, भीमु भंडारी, गोविंद पोखरिया, नरेश अरोरा, शंकर कुमार, रविन्द्र विश्वास, जगदीश डालमिया, रवि मजुमदार, लकी कालरा आदि लोग शामिल थे।



# हजारों की नगदी के साथ सट्टेबाज पकड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने एक सटोरिये को रंगे हाथ सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गश्त के दौरान सूचना मिली कि भूतबंगला गेट पर एक व्यक्ति अपने फोन से सट्टा लगवा रहा है। मौके पर जाकर पुलिस ने उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजेन्द्र गुप्ता पुत्र स्व0 राजबहादुर गुप्ता निवासी रम्पुरा बताया।तलाशी लेने पर उसकी जेब से कुल 5630 रूपये बरामद हुए। उसके पास से सैमसंग का एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया जिसका प्रयोग वह सट्टा खिलाने में कर रहा था।

# संगठन महामंत्री के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड के संगठन महामंत्री एवं कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक अजय जी के जन्मदिन के अवसर पर श्री सनातन धर्म मंदिर परिसर बुद्ध बाजार में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर उनकी दीर्घायु की कामना की । इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि महामंत्री अजय जी के जन्मदिन पर वृक्षारोपण किया जाना



कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करता है ,उन्होंने कहा, पर्यावरण संरक्षण के लिए भी पौधों का रोपण अति आवश्यक है साथ ही उनका पालन पोषण करने के लिए भी उन्होंने कार्यकर्ताओं से समय-समय पर समय निकालने का आह्वान किया । इस मौके पर सुरेश खुराना,अभिषेक वर्मा राजेश गुंबर, कपिल कुमार, मुनी भुसरी, हरीश रलहन, समन मुंजाल, जसवीर चीमा ,सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तहसील दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं





किच्छा(उद संवाददाता)। तहसील प्रशासन द्वारा तहसील दिवस के अवसर पर आयोजित तहसील दिवस में सैकड़ो फरियादियों ने अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी के सम्मुख फरियादें रखी। दोपहर तक दो दर्जन से भी अधिक शिकायतें पंजिकृत की गई थी।जिनमे से अधिकांश का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। राज्य निर्माण आन्दोलन कारी सूरज पाल सागर ने तहसील दिवस की सूचना आम जनता को ना दिए जाने की शिकायत अपर जिलाधिकारी के सामने रखी ।तहसील दिवस मे तमाम विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।किंतु फरियादियों की उपस्थिति आशातीत नही रही। जिसका कारण तहसील दिवस की जानकारी आम जनमानस को ना होना था। तहसील दिवस मै मुख्य रूप से अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी के अलावा चकबंदी अधिकारी सुभाष गुप्ता, कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा, तहसीलदार गिरीश कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार चौहान, समाज कल्याण विभाग के मुकुल जोशी, जिला सहकारी विभाग के बलराज सिंह ,राजस्व निरीक्षक गोपाल सिंह के अलावा चंद्रशेखर कांडपाल, के के मलकानी, अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह, प्रतिभा गंगवार ,कुसुम लता, हेम कांडपाल, सीमा खान, तहसील नाजिर नीरज कुमार, संजय सिंह, दीपक सिंह ,वेदपाल, मुकेश कुमार, सहित तमाम लोग उपास्थित थे।

# पुलिस ने चिन्हित किये 8 सक्रिय अपराधी

किच्छा(उद संवाददाता)।पुलिस मुख्यालय ने उत्तराखण्ड राज्य के सभी जनपदो को सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे, जिस क्रम में थानाध्यक्ष पुलभट्टा ने थाना क्षेत्र के 8 सक्रिय अपराधियों को चिन्हित कर 110 जी द0प्र0सं0 के तहत कार्यवाही कर उप मजिस्ट्रेट किच्छा को चालानी रिपोर्ट प्रेषित की है। अब तक 35 सक्रिय आपराधियों को चिन्हित कर 110जी द0प्र0सं0 के तहत कार्यवाही की गयी है । पुलभट्टा पुलिस ने बलवन्त सिंह उर्फ बुलन्दी पुत्र बलदेव निवासी ग्राम पुलभट्टा ,चरन कौर पत्नी गुरदीप कौर निवासी ग्राम पुलभट्टा ,नाहिद पुत्र हसीब निवासी इन्द्रानगर वार्ड न020 सिरौलीकला ,इस्राईल पुत्र इब्राहिम निवासी वार्ड न0 18 सिरौलीकला ,गुरदेव सिंह पुत्र बन्ता सिह निवासी गांव पुलभट्टा, इकबाल साबरी पुत्र हबीब अहमद निवासी वार्ड न020 इन्द्रानगर सिरौलीकला , प्रीतम कौर पत्नी अंग्रेज सिह निवासी गांव पुलभट्टा ,कुलबिन्दर उर्फ कालू पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी पुलभट्टा आदि को चिन्हित किया हे। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट, का0 अर्पित कुमार, म0का0 गीता आदि शामिल थे।

# अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार



किच्छा(उद संवाददाता)। नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष पुलभट्टा और उनकी टीम ने अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर नई बस्ती तिराहे बरा के पास से अभियुक्त मंगल सिह पुत्र स्व दयाल सिह निवासी नई बस्ती शहदौरा थाना पुलभट्टा जिला उधम सिंह नगर के कब्जे से 42 पाऊच कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि नशे के विरूद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस टीम में उनि पंकज कुमार,का गजेन्द्र सिंह,का अनिल कुमार आदि थे।

# तीन राज्यों में जीत पर मनाई खुशियां

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भारी बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर हल्द्वानी के इंदिरा नगर बनभूलपुरा में धूमधाम के साथ आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी गयी। इस दौरान जुलूस भी निकाला गया। जुलूस में लोकसभा प्रभारी जियाउद्दीन कुरैशी के साथ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के तमाम कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर श्री कुरैशी ने जनता को संबोधित



करते हुए कहा के सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास जीतकर ही प्रधानमंत्री मोदी की पूरे देश में जय जयकार हो रही है।इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन शाहिद हुसैन मास्टर ने किया। अध्यक्षता जहीर अंसारी ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लाल मोहम्मद अंसारी, नाजिम मकरानी, आसिफ कुरेशी, दानिश अंसारी, डॉक्टर वारसी, राजा कमल, वसीम कुरेशी, शहवेज कुरैशी, शाहबाज कुरेशी, मोहम्मद अजहरुद्दीन उर्फ शब्बू अली, मोहम्मद आबिद हुसैन, नासिर खान, वसीम सिद्दीकी, जावेद सिद्दीकी, मोहसिन सिद्दीकी, जमाल अंसारी, राशिद वारसी, राशिद सैफी, मोबिन गुलजार सिंह, इदरीस आदि सहित आने को लोग उपस्थित थे।

# छोटा हाथी की चपेट में आकर बच्ची की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। छोटा हाथी के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चला कर एक 14 वर्षी या बच्ची को गंभीर रूप से घायल कर दिया। लहुलुहान हालत में अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी राजेश सैनी पुत्र तिलक राम सैनी ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री कीर्ति सैनी 12 नवंबर की सुबह लगभग 9:30 बजे घर के बाहर टहल रही थी इसी दौरान छोटा हाथी वाहन संख्या यूके 18 सी/ 4811 के चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाकर बच्ची को गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया। इस दौरान बेहद नाजुक हालत में घायल बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृत बच्ची के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# कार की टक्कर से युवक घायल

काशीपुर(उद संवाददाता)। कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मारते हुए उसे गंभीर रूप से घायल करने की एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी रोहित कुमार पुत्र अशोक कुमार ने बताया कि उसके भाई विकास कश्यप की कानिया रामनगर में दुकान है। बीते 27 नवंबर की रात्रि लगभग 8:30 बजे वह दुकान बंद कर अपने दोस्त की मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 बीएफ/7134 पर सवार होकर वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान रामनगर रोड पर कला मोड़ के समीप विपरीत दिशा से द्रुत गति से चली आ रही कार संख्या यूके 18 क्यू/8006 के चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी वाला प्रवाही से मोटरसाइकिल में टक्कर मार कर उसके भाई को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। प्राइवेट अस्पताल में घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना को मंजूरी

## धामी कैबिनेट में कई अहम फैसले : उत्तराखंड में वर्चुअली होगी जमीनों की रजिस्ट्री, निजी भूमि पर हेलिपेड बनाने की नीति मंजूर

देहरादून(उद ब्यूरो)। सोमवार को हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 14 प्रस्तावों पर मुहर लगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 250 से कम आबादी वाले 3177 गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना को मंजूरी दी गई। प्रेस ब्रीफिंग में सचिव (मंत्रिपरिषद) शैलेश बगौली ने बताया कि इसमें 1142 ऐसे गांव भी हैं, जो मानक पूरे नहीं करते। कैबिनेट बैठक में राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की शानदार जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कैबिनेट की ओर से एक बधाई संदेश भेजने का फैसला किया गया। साथ ही सिलक्यारा टनल हादसे में मार्गदर्शन और सहयोग और राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी उत्तराखंड को देने के लिए धन्यवाद संदेश भी भेजा जाएगा। कैबिनेट में जहां सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं है वहां निजी भूमि पर हेलिपेड बनाने के लिए प्रोत्साहन नीति को मंजूरी दे दी गई है। नीति के तहत हेलिपेड बनाने पर 50 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। लीज पर भूमि भी दी जा सकती है। कैबिनेट ने वर्चुअल रजिस्ट्री की नीति को मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत अब घर बैठे ऑनलाइन रजिस्ट्री कराई जा सकेगी। व्यक्ति को कार्यालय में आने की आश्यकता नहीं होगी। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेजों में शिक्षकों के 15 दिन से छह महीने की छुट्टी पर जाने की स्थिति में भी छात्र- छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी।



कैबिनेट ने ऐसी स्थिति में माध्यमिक शिक्षा विभाग को प्रति वादन के हिसाब से सहायक अध्यापक और प्रवक्ता रखने की अनुमति दे दी है। ऐसे 1500 से 2000 शिक्षक रखे जा सकेंगे। कैबिनेट ने वर्ष 2009 से वर्ष 2016-17 के दौरान आवेदन के बावजूद कन्याधन योजना के लाभ से वंचित रह गई 35088 बेटियों को लाभ देने का फैसला किया है। उन्हें 15,000 की दर से धनराशि मिलेगी। इस पर सरकार 52 करोड़ 63 लाख रुपये खर्च करेगी। छात्र-छात्राओं को आधुनिक और गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए प्रदेश में 559 उत्कृष्ट विद्यालयों की स्थापना होगी। उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में ऐसे विद्यालय का चयन किया जाएगा, जिसके 15 किमी की परिधि में अधिक से अधिक राजकीय हाईस्कूल एवं राजकीय इंटर कालेज संचालित हों। इन पर 240 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बैठक में पिथौरागढ़ और हरिद्वार में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों में 100-100 एमबीबीएस प्रशिक्षु क्षमता के संचालन के लिए 950-950 पदों के ढांचे को मंजूरी दे दी गई है। अब प्रदेश में ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने पर परिवहन विभाग आवेदक से 100 रुपये यूजर चार्ज वसूलेगा। इससे लाइसेंस बनवाना कुछ महंगा हो जाएगा। कैबिनेट ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। खनन विभाग के तहत भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई के ढांचे में 62 नए पदों को सृजित करने की मंजूरी दी।यूपी के समय तदर्थ रूप से नियुक्त आयुष विभाग के चिकित्सक व अन्य कर्मचारी जो एक अक्तूबर 2005 के नियमित हुए हों, जबकि वे इससे पूर्व की स्थायी होने की अर्हता रखते थे, को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। आयुष विभाग में ऐसे 69 चिकित्साधिकारी हैं। उत्तराखंड उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन को मंजूरी, 35 प्रतिशत पदों पर चयन वेतनमान मिलेगा और 15 प्रतिशत को सुपर टाइम स्केल।उत्तराखंड न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन, सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) और सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ श्रेणी) के नाम से होंगे पदनाम। गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, गढ़वाल इकाई श्रीनगर को ग्राम गुगली, पट्टी चौरास, तहसील कीर्तिनगर में निशुल्क भूमि दी जाएगी।






## अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। सरकारी अस्पताल के बाहर से अज्ञात चोरों ने एक मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम गुलड़िया थाना आईटीआई निवासी सईम मलिक पुत्र जुल्फिकार ने बताया कि बीते 20 नवंबर को वह जरूरी कार्य वर्ष सरकारी अस्पताल की ओर गया था इस दौरान अस्पताल के बाहर खड़ी उसकी मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 एल/6875 पर घात लगाए चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

## नगर निगम के कार्यालयों का किया निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी एवं नगर निगम प्रशासक उदयराज सिंह ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय पहुँचकर निगम के अधिकारियों की बैठक ली तथा विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए



कहा कि हमारी प्राथमिकताओं में आर्थिक रूप कमजारे व्यक्तियों की 50 वर्ग मीटर तक की नजूल भूमि को फ्री-होल्ड कराना, निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सही रखने के साथ ही सेनिटाईजेशन कार्य कराना है। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि भविष्य में सोलिड वैस्ट का निस्तारण सुरक्षित स्थानों पर हो, सोलिड वेस्ट निस्तारण के लिए दो स्थान चिन्हित किये जाये जिसमें प्रत्यक स्थान का रकबा एक हैक्टेयर से कम न हो, आवागमन हेतु सुगम हो और आस-पास 100 मीटर की दूरी पर आबादी न हो या आबादी क्षेत्र से दूर हो। ऐंसी भूमि की उपलब्धता न होने की दशा में किराये पर भूमि लेने के लिए विज्ञापन जारी करने के निर्देश नगर आयुक्त को दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि कर्मचारी तथा अधिकारी जनहित में और अधिक तत्परता से कार्य करते हुए जन सेवाएं समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, सेनिटेशन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनता को और अधिक बेहतर सुविधाएं तथा सफाई व्यवस्थाएं मिलें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर अत्यावश्यक कार्य निर्धारित करते हुए कार्य किये जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने निगम निगम कार्यालय में विभिन्न पटलों के निरीक्षण के दौरान महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को दिये। बैठक में नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल ने निगम के सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था, जीआईएस सर्वे, जीआईएस मैप सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।इस दौरान नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप नगर आयुक्त क्षिप्रा, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, दीपक गोस्वामी, जिला सूचना अधिकारी अहमद नदीम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## पुलिस ने बरामद किये 500 मोबाईल फोन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस टीम ने जनपद में विभिन्न क्षेत्रो के पीड़ित लोगों को उनका मोबाईल लौटाकर राहत दिलायी है। सोमवार को एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने मोबाईल फोन बरामदगी का खुलासा करते हुए बताया कि जनपद के विभिन्न थानों से प्राप्त गुमशुदगी/ चोरी हुए मोबाइल फोनों के प्रार्थना पत्रों पर बरामदगी व आवश्यक कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिये गये थे ।पुलिस अधीक्षक अपराध/ पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन के नेतृत्व में एस०ओ०जी० प्रभारी एवं उनकी टीम को जिस कम में एस० ओ०जी टीम जनपद उधमसिंह नगर द्वारा थानों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर सर्विलांस के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही कर उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों, गैर राज्य उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपद रामपुर, पीलीभीत, बरेली, मुरादाबाद, कासगंज, लखीमपुर खीरी आदि जनपदों से विभिन्न कम्पनियों के करीब 500 मोबाइल फोन बरामद किये गये जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 70 लाख रुपये को बरामद कर मोबाइल धारकों के सुपूर्द कर उन्हें खुशियां दिलायी गयी। एस.ओ. जी. उधमसिंह नगर टीम द्वारा किये गये उक्त कार्य की उच्चाधिकारियों एवं आम जनता द्वारा काफी प्रशंसा



की गयी। पुलिस टीम ख्रनिरीक्षक भारत सिंह प्रभारी एसओजी जनपद उधमसिंह नगर,उ0नि0 विकास चौधरी, उनि मनोज धौनी, हेकानि भुवन पाण्डे,कानि खीम सिंह, हे कानि विनय यादव,कानि विरेन्द्र रावत, कानि गोकुल टम्टा, कानि मोहन बोरा,कानि राजेन्द्र कश्यप, कानि नीरज भोज, कानि प्रदीप,बानि गणेश पाण्डे, कानि ललित कुमार, कानि भूपेन्द्र आर्य,कानि पंकज विनवाल,नानि कैलाश तोमक्याल, कानि कुलदीप सिंह, कानि दीपक कठेत, कानि दीवान बोरा शामिल रहे।

## कोचिंग सेंटरों का करें सत्यापन: मर्तोलिया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए आयोग पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। यह बात आयोग के अध्यक्ष जीएस



मर्तोलियां ने आगामी परीक्षाओं की तैयारियों हेतु जिला प्रशासन के साथ जिला कार्यालय सभागार में बैठक लेते हुए कही। श्री मर्तोलिया ने कहा कि आयोग पूरी तत्परता से नकलविहीन परीक्षाएं सम्पन्न करा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी परीक्षाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए इलैक्शन मोड की भांति सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि आगामी परीक्षाओं को भी स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु तत्पर है। श्री मर्तोलिया ने जिला प्रशासन से कहा कि परीक्षा की गौपनीयता को किसी भी प्रकार से भंग करने सम्भवना रखने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के साथ ही आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाये। उन्होंने समय-समय पर जनपद में संचालित कोचिंग सेन्टरों का सत्यापन करने, कोचिंग सेन्टरों की गतिविधियों पर भी पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधाचार्य रैंक के व्यक्तियों को परीक्षा केन्द्रों पर ऑब्जर्वर नियुक्त किया जाये जोकि परीक्षा संचालन की सभी गतिविधियों पर नजर रखेगा तथा अपनी रिपोर्ट एवं सूचनाओं का आदान प्रदान सीधे आयोग से करेगा। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर कम से कम एक-एक सब इन्स्पेक्टर तथा महिला कॉन्स्टेबल अनिवार्य रूप से तैनात करने के निर्देश भी पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिये। श्री मर्तोलिया ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा शिक्षा विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री मर्तोलिया ने पूर्व के अनुभव साझा करते हुए नकलचियों द्वारा अपनाये जाने वाले नए-पुराने तरीकों, नकल रोकने के विभिन्न उपाय आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी देते हुए अनुभव साझा किये। जिलाधिकारी ने परीक्षाओं को नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारीदी। बैठक में जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसपी सिटी मनोज कत्याल, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डीएस राजपूत, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डे आदि उपस्थित थे।

## मतदान और मतगणना कार्मिकों का डेटाबेस तैयार करने के लिए मांगी सूची

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2024 हेतु मतदान/मतगणना कार्मिकों का डेटाबेस तैयार किये जाने हेतु आपके अधिष्ठान में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची निर्धारित प्रारूप 01 एवं प्रारूप-02 पर हार्ड कापी एवं साफ्ट कापी में 18 नवम्बर 2023 तक जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। उन्होंने बताया कि परंतु आतिथि तक भी जनपद स्थित कतिपय विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों द्वारा अपने विभागांतर्गत कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची इस कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराई गयी है, जो कि अत्यंत ही खेदजनक स्थिति है। जिलाधिकारी ने पुन: अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आदेशित किया है कि यदि आपके स्तर से आपके विभागांतर्गत कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची अभी तक प्रेषित नहीं की गयी हो तो तत्काल उक्त सूची 3 दिन के भीतर जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने सख्त निर्देशित करते हुये निर्धारित समयान्तर्गत कर्मिकों की सूची ने उपलब्ध कराने वाले कार्यालयाध्यक्ष के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही अमल में लाते हुए सम्बधित कार्यालयाध्यक्ष के माह दिसम्बर 2023 के वेतन आहरण पर रोक लगा दी जायेगी। जिस हेतु वे स्वंय उत्तरदायी होगें। जिलाधिकारी ने जनपद के प्रत्येक कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया है कि वे 3 दिन के भीतर इस सम्बंध में यह प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे कि उनके द्वारा स्तर से अपने कार्यालयों के अधिकारी/कर्मचारियों की सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित कर दी गयी है एवं उपरोक्त सूची में कार्यालय के समस्त कार्मिकों के नाम दर्ज है व कोई भी कर्मचारी छूटा नहीं है। उन्होने बताया कि यदि पाया गया कि किसी कार्यालय का कोई अधिकारी/कार्मिक सूची में नहीं है तो संबंधित कार्यालयाध्यक्ष के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# बात-बात पर आपा खोते उत्तराखंड के माननीय

**लैंसडाउन विधायक दिलीप रावत अब युवक को मारा थप्पड़, विधायक के धकियाने के बाद समर्थकों ने युवक को चिमटे से पीटा, समर्थकों को रोकने के बजाय तमाशा देखते रहे विधायक, वीडियो वायरल**

■ अर्श

देहरादून। उत्तराखंड के लैंसडाउन विधायक महंत दिलीप रावत अपने अमर्यादित व्यवहार के चलते एक के बाद एक लगातार सुर्खियां बटोरते चले जा रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले उनका एक अफसर को धमकाते हुए वीडियो वायरल हुआ था। उत्तराखंड के इन्हीं माननीय का अब एक और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें विधायक महंत दिलीप रावत एक युवक को भीड़ के सामने थप्पड़ मारते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में स्पष्ट नजर आ रहा है कि विधायक ने पहले युवक को थप्पड़ मारा फिर उसे धकियाने लगे। विधायक के धकियाने के बाद उनके समर्थक युवक पर पिल पड़े, लेकिन विधायक अपने समर्थकों को मारपीट से रोकने की बजाय चुपचाप युवक को पिटता देखते रहे ।वीडियो सिद्धबली मेले का बताया जा रहा है।प्रत्यक्ष दर्शनों का कहना है कि पिटने वाला युवक खुद पर देवता अवतरित होने का स्वांग रच रहा था ।यह देखकर विधायक को गुस्सा आ गया और वह आपा खो बैठे और गुस्से में आकर युवक को भीड़ के सामने थप्पड़ जड़ दिया। वीडियो में यह भी दिखाई दे रहा है कि इसके बाद विधायक समर्थक ने युवक को चिमटे से पीटा। गौर तलब है कि इससे पहले दिलीप रावत का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो परिवहन विभाग के एक अधिकारी के साथ बदसलूकी करते नजर आ रहे थे। बताना होगा किलोकसभा



चुनाव करीब है और बीजेपी प्रदेश की पांचों सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर चल रही है ।इसके मध्य नजर पार्टी संगठन बीजेपी नेताओं से कई बार समझाइए दे चुका है कि वे भाषा में संयम बरतें और किसी से भी असभ्य भाषा में बात न करें, लेकिन हर बार ये निर्देश धरे के धरे रह जाते हैं। देखा जा रहा है कि आम कार्यकर्ता तो आम कार्यकर्ता , बीजेपी के जिम्मेदार विधायक और मंत्री तक कई बार अपनी बदजुबानी और असंयमित व्यवहार के चलते पार्टी की मुश्किलें बढ़ा देते हैं और गाहे– बगाहे विपक्ष को भाजपा पर हमला करने का कोई ना कोई अवसर उपलब्ध करा ही देते हैं। बताना होगा कि ताजा वीडियो से पहले लैंसडाउन विधायक महंत दिलीप रावत का परिवहन विभाग के अधिकारी को धमकाने का जो वीडियो वायरल हुआ था ।उसे लेकर कांग्रेस ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा था। वीडियो में विधायक परिवहन विभाग के अधिकारी संग अमर्यादित व्यवहार करते दिखाई दे रहे थे। इतना ही नहीं दिलीप रावत ने अधिकारी पर पर अवैध वसूली का आरोप तक जड़ दिया था। उपरोक्त वीडियो के वायरल होने पर कांग्रेस नेताओं ने बीजेपी पर हमलावर होते हुए कहा था कि बीजेपी के मंत्री पहले भी ऐसी हरकतें कई बार कर चुके हैं, लेकिन तब भी बीजेपी का अनुशासन वाला डंडा नहीं चला। बता दें कि प्रदेश में पहले भी काबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और गणेश जोशी के वीडियो वायरल हो चुके हैं, लेकिन संगठन स्तर पर किसी भी नेता के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। जाहिर है कि आने वाले वक्त में बीजेपी नेताओं की बद्जुबानी पार्टी के लिए बड़ी मुसीबत का सबब बन सकती है।

## वाल्मीकि समाज के युवाओं ने रामपाल को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पांच वर्ष का कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा करने पर गांधी कालोनी में वाल्मीकि समाज के युवाओं ने निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह को पगड़ी पहनाकर कर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह का कार्यकाल पूरा होने पर गांधी कालोनी में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें वाल्मीकि समाज के युवाओं ने निवर्तमान मेयर का अभिनन्दन करते हुए उन्हें भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के युवाओं ने कहा कि रामपाल सिंह ने अपना कार्यकाल ईमानदारी और पूरी निष्ठा के साथ पूरा किया है। उन्होंने जन सेवा से अपनी अलग छवि बनायी है। रामपाल सिंह ने कभी भी शिकायत लेकर नगर निगम आने वाले लोगों को निराश नहीं किया। हर वार्ड में दलगत भावना से उपर उठकर विकास कार्य कराये।



शहरवासियों के हितों के साथ साथ उन्होंने नगर निगम के कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा। रामपाल के व्यहार और कार्यकुशलता का ही परिणाम है कि नगर निगम में पिछले पांच वर्षों में एक बार भी कर्मचारियों की हड़ताल नहीं हुयी। लम्बे अरसे से लटकी मृतक आश्रितों की नियुक्ति के मामले में भी रामपाल सिंह के प्रयासों से सफलता मिली और छह मृतक आश्रितों को हाल ही में नौकरी मिल पायी है। वक्ताओं ने कहा कि मेयर ने पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से नगर निगम के कार्यों को अंजाम दिया। पांच वर्ष के कार्यकाल में रामपाल सिंह पर एक भी दाग नहीं लगाया। जिसके लिए उनके कार्यकाल को हमेशा याद किया जाएगा। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने स्वागत करने वाले सभी युवाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के आशीर्वाद और स्नेह के कारण उन्हें नगर निगम में पांच वर्ष तक सेवा करने का अवसर मिला। उनकी हमेशा कोशिश रही कि जनता का कोई काम उनकी वजह से ना रूके। आम जनता के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले रहे। भविष्य में भी जन सेवा के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज उनका अपना परिवार है। उनके लिए भविष्य में भी किसी भी समय वह तत्पर रहेंगे। रामपाल सिंह ने कहा कि पार्टी ने मौका दिया तो पुन: वह जनता की सेवा के लिए तैयार है।उन्होंने कहा कि नगर निगम के माध्यम से उन्होंने जो विकास कार्य कराये हैं वह किसी से छिपे नहीं हैं। जिनका लाभ आगामी लोकसभा और निकाय चुनाव में पार्टी को मिलेगा। इस अवसर पर मुकेश राजोरिया, सोनू मुल्तानी, राजू पहलवान, सुनील कुमार, मनोज कुमार, बंटी राजौरिया, जॉनी चंडालिया, अशोक राजपूत, अमन वेद, राजू गुप्ता, बिट्टू वाल्मीकि, महावीर प्रसाद सरकनिया, रविन्द सिंह, विशाल सिंह भारत कुमार आदि उपस्थित रहे।

## हाथी ने कार को किया क्षतिग्रस्त

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। ग्रामसभा कमोला में हाथियों का आतंक बना हुआ है। यहां रविवार की रात्रि एक हाथी ने कमोला निवासी विमल पंत के आंगन में खड़ी उनकी मारूति कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में हाथियों का आतंक लगातार बना हुआ है। कहीं यह हाथी फसलों को नुकसान कर रहे हैं तो कहीं घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। विमल पंत ने बताया कि रात्रि को आवाज आने पर जब छत पर चढ़े और पटाखे छोड़े तब हाथी भागा। उन्होंने बताया कि आंगन में खड़ी कार को हाथी ने खेत में फेंक दिया, तथा कार में तोड़फोड़ कर डाली। उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद बन्नाखेड़ा रेंज के कर्मियों ने यहां पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया। विमल पंत के घर के पास खेत में हाथी के पैरों के निशान भी बने हुए हैं, जिससे प्रतीत हो रहा है कि हाथी काफी बड़ा है। प्रधान चंद्र प्रकाश बुधलाकोटी, मदन बधानी ने वन विभाग से पीड़ित को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।



## चोरों ने तोड़े एटीएम के ताले

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। कमोला में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में रविवार की रात्रि को अज्ञात चोरों ने शटर के तालों को काट डाला। अज्ञात चोरों द्वारा यहां लगे सीसीटीवी कैमरों पर स्प्रे भी डाला और बैंक का सायरन भी तोड़ा गया। जिसके बाद एटीएम की शटर के तालों को काट कर चोरी की कोशिश की गई। यहां बैंक में एक नहीं कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा की कमोला शाखा में बार बार चोरियों की घटना होने से क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। उसके बाद भी यहां एक चौकीदार तक नहीं रखा जा रहा है। बहरहाल सोमवार की सुबह आसपास के लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने बैंक कर्मियों सहित पुलिस को इसकी सूचना दी। थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने मौके पर पहुंचकर बैंक कर्मियों से जानकारी ली, तथा बैंक व आसपास के सीसीटीवी कैमरों को देखा। इन चोरों की हौसले इतने बुलंद हैं कि मुख्य हाइवे किनारे ही इस एटीएम के शटर के तालों को काटा गया। इससे पहले एटीएम सहित आसपास की दुकानों के सीसीटीवी कैमरों पर स्प्रे डाला गया। बैंक का सायरन भी तोड़ा गया। मगर चोर एटीएम मशीन को या तो तोड़ नहीं पाए या किसी के आजाने पर यह भाग निकले।



## सुभाष अरोड़ा का मास्टर भारतीय फुटबॉल टीम में हुआ चयन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इस वर्ष बैंकॉक में आयोजित होने वाले मास्टर्स विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में एमेनिटी पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ फुटबाल खिलाड़ी सुभाष अरोड़ा का मास्टर भारतीय फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। टूर्नामेंट में विश्व की सोलह टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। जिनमें कोलंबिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, नेपाल, फिलिपींस, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड, टीम मोर, वियतनाम, अमेरिका शामिल हैं। श्री अरोड़ा ने बताया कि यह वर्ल्ड कप थाईलैंड में उठाई थाने में कल 6 दिसंबर से 11 दिसंबर तक खेला जाना है । उन्होंने बताया कि जून में एशिया कप मास्टर फुटबॉल टूर्नामेंट क्योंकि जकार्ता में खेला गया था उसमें वह भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। साथ ही अपने खेल से लोहा मनवा चुके हैं। 63 वर्षीय सुभाष अरोड़ा इस उम्र में सक्रिय फुटबॉल खेल युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है । उत्तराखंड फुटबॉल को सुभाष अरोड़ा ने अपने अथक प्रयासों से बुलंदियों पर पहुंचा है। अभी विगत माह में सुब्रतो कप मैं रनर अप रहकर पूरे भारत में उत्तराखंड का प्रथम लहराया। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड को इतिहास में यह अवसर 53 वर्षों के बाद प्राप्त हुआ। इसी कड़ी में अभी कॉर्बेट एफसी फुटबॉल क्लब उत्तराखंड का पहल क्लब है जिसको तीन स्टार रेटिंग पाने का सौभाग्य मिला है। उत्तराखंड के निवासियों के लिए यह गर्व की बात है इतिहास में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश को मिलकर आजादी के 70 वर्षों में पहला क्लब है जिसको यह सम्मान मिला है। अभी तक इतिहास में उत्तर प्रदेश के भी किसी क्लब को यह सभा के प्राप्त नहीं हुआ है। पूरे भारत में अखिल भारतीय फुटबाल संघ अपने मानको के आधार पर फुटबॉल क्लबो की रेटिंग कर उनको क्रीडिटेशन कर स्टार कैटिगरी प्रदान करता है। अभी तक रिलायंस फाउंडेशन फुटबॉल क्लब मात्र पांच स्टार रेटिंग पर है तथा बेंगलुरु फुटबॉल क्लब, बीएफएस को चार स्टार रेटिंग दी गई है तथा मात्र छह ऐसे भारतीय क्लब हैं जिनकी रेटिंग 3 स्टार है इनमें से कॉर्बेट एफसी है। 74 क्लब ऐसे हैं जिनकी रेटिंग दो एवं एक तारा है। उत्तराखंड के लिए गर्व की बात है भारत के प्रमुख 10 क्लब में चौथे स्थान पर कॉर्बेट एफसी का नाम है। श्री सुभाष अरोड़ा के भारतीय फुटबाल टीम में चयन होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधायक शिव अरोड़ा तथा निवर्तमान मेयर राम पाल सिंह, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी देवेंद्र बिष्ट, धीरेंद्र पवार तथा डॉक्टर नागेंद्र शर्मा आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।



## कबड्डी प्रतियोगिता में मदनापुर की टीम बनी विजेता

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा नमो कबड्डी का आयोजन गदरपुर विधानसभा के चक्की मोड़ कुल्हा स्थित स्टेडियम में किया गया। प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा जोगेंद्र पुंडीर के आहवान पर18 जिलों में कबड्डी मैच आयोजित किए गये । कार्यक्रम का फाइनल गदरपुर विधानसभा मदनापुर एवं काशीपुर में खेला गया गदरपुर फाइनल विजेता तथा तथा उपविजेता काशीपुर की टीम रही । कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे एवं प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा नरेश हुडिया द्वारा किया गया । समापन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र पुंडीर एवं जिलाध्यक्ष बलकार सिंह ने ट्रॉफी विजेता एवं उपविजेता को प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । सभी जिलों की टीम देहरादून में आयोजित नमो कबड्डी कार्यक्रम में भाग लेगी । कार्यक्रम उद्घोषक एवं संचालक की भूमिका का किसान मोर्चा महामंत्री गोल्डी सूरी द्वारा निर्वाह किया गया । कबड्डी मैच के संयोजक कमल मुनि, प्रदेश मंत्री योगराज जी सोशल मीडिया विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र कोरंगा,जीएस बेदी, जसवीर चीमा राकेश भुड्डी,जिला मंत्री भूदेव सिंह, जिला मंत्री रघुवीर सिंह, गुरजीत सिंह, श्याम सिंह, अविनाश चौधरी, धर्मेंद्र शर्मा, रणजीत सिंह ,कोच संदीप सिंह, शालिनी आर्य एवं काफी संख्या में भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ता एव खेल प्रेमी मौजूद रहे ,फाइनल मैच काशीपुर एवं मदनापुर में रहा,विजेता मदनापुर तथा उपविजेता काशीपुर की टीम रही ।



## सड़क दुर्घटना में मौत के मामले में ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज

काशीपुर (उद संवाददाता)। टैंकर की टक्कर से युवक की मौत के मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में ग्राम परमानंदपुर थाना आईटीआई निवासी लियाकत अली पुत्र अमजद अली ने कहा कि उसका पुत्र फिरोज खान परमानंदपुर तिराहे से पैदल पैदल अपनी साइड से होकर घर को जा रहा था जैसे ही वह ग्राम परमानंदपुर के मैन रोड पर इरफान के मेडिकल स्टोर के सामने पहुंचा तभी सामने से परमानंदपुर हाइवे की ओर से आ रहे टैंकर संख्या जीजे12बीटी 8783 का चालक वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए लाया और गलत साइड में जाकर अपनी साइड पर जा रहे फिरोज खान को टक्कर मार दी। लोगों के शोर मचाने पर टैंकर चालक टैंकर को मौके पर छोड़कर भाग गया जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया । घायल फिरोज खान को एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल काशीपुर ले गए जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद रेफर करने पर फिरोज खान को केवीआर अस्पताल काशीपुर में भर्ती कराया गया । जहां से फिरोज को एम्स ऋषिकेश ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मामले में टैंकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## जलवायु और स्वास्थ्य की सुरक्षा

जलवायु परिवर्तन के संकट का समाधान निकालने के लिए वैश्विक स्तर पर जो भी प्रयास हो रहे हैं, उनमें भारत ने बढ़-चढ़ कर अपनी भूमिका निभाई है। मगर इस क्रम में कई बार बिगड़ते जलवायु का हवाला देकर ऐसे कायदे समान रूप से सभी देशों के लिए जरूरी बनाने की कोशिश की जाती है, जिन्हें प्रथम दृष्टया तो कारगर कहा जा सकता है, मगर दूसरे स्तर पर वे कुछ देशों के लिए मुश्किल या फिर नुकसानदेह भी साबित हो सकते हैं। दुबई में सीओपी28 के जारी सम्मेलन में जलवायु संकट के सवाल पर जो चिंताएं जाहिर की गईं, समस्या के हल के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए गए, भारत ने अपनी सीमा में उन सबसे सहमति जताई है। साथ ही, कार्बन उत्सर्जन को कम करने के क्षेत्र में भारत ने जितनी गंभीरता से काम किया है, उसका भी उल्लेख किया गया। भारत को इस बात की भी चिंता करनी है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो नियम-कायदे तय किए जाते हैं, उन पर अन्य देश भले सहमत हों, लेकिन कोई खास नियम या बिंदु यहां के संदर्भ में कितने उपयुक्त हैं या फिर कहीं उससे देश के सामने कोई नई समस्या तो नहीं खड़ी हो जाएगी! यही वजह है कि भारत ने जलवायु और स्वास्थ्य को लेकर तैयार किए गए सीओपी28 घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से परहेज किया। खबर के मुताबिक, घोषणापत्र के दस्तावेज में स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे के भीतर शीतलन या 'कूलिंग उपकरणों' के लिए ग्रीनहाउस गैसों के उपयोग पर अंकुश लगाने की शर्त थी। दरअसल, कम समय में देश के मौजूदा स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे के मद्देनजर ग्रीनहाउस गैसों के उपयोग को सीमित करने का लक्ष्य हासिल करना भारत के लिहाज से व्यावहारिक नहीं था। घोषणापत्र में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में गहन, तीव्र और निरंतर कटौती से स्वास्थ्य के लिए लाभ प्राप्त करने के मकसद से जलवायु कार्रवाई का आह्वान किया गया है। इसमें उचित बदलाव, कम वायु प्रदूषण, सक्रिय गतिशीलता और स्वस्थ पोषण शामिल है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि बीते कई दशकों में जलवायु संकट पर जताई जाने वाली चिंता के समांतर तमाम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में हल के उपायों पर जोर देने के बावजूद यह समस्या लगातार गहराती गई है। इन हालात के लिए ग्रीनहाउस गैसों या कार्बन उत्सर्जन जैसे कारणों और उसमें विकसित देशों की भूमिका बिल्कुल स्पष्ट रही है। जहां तक भारत का सवाल है, कार्बन उत्सर्जन के मामले में इसने अपेक्षा से ज्यादा तेज रफ्तार से सुधार किया और समय से पहले ही इसमें काफी कमी लाने में कामयाब रहा। दूसरी ओर यह भी हकीकत है कि भारत जैसे कई देशों में अब भी स्वास्थ्य और कुछ अन्य क्षेत्रों में शीतलन की प्रक्रिया एक अनिवार्यता है और इसीलिए घोषणापत्र के इस बिंदु का पूरी तरह अनुपालन करना भारत के लिए मुश्किल है। भारत में फिलहाल स्वास्थ्य मामले में बुनियादी सेवाओं की जो तस्वीर है, उसमें अगर शीतलन के लिए ग्रीनहाउस गैस में एक सीमा से ज्यादा कटौती की जाती है, तो उससे चिकित्सा सेवा के क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने में बाधा आ सकती है। भारत में आज भी दूरदराज के कई इलाकों में पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं नहीं हैं। वहां तक आपात सेवाएं या फिर जीवनरक्षक दवाओं की सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए शीतलन एक अनिवार्य पहलू है। इसलिए जलवायु संकट के मसले पर अपने ईमानदार सरोकार के समांतर कुछ बिंदुओं पर भारत की चिंता को समझा जा सकता है।

# अब मुख्यमंत्री बनने की होड़

मध्यप्रदेश में भाजपा की बंपर जीत के बाद मुख्यमंत्री बनने की होड़ में प्रदेश के दिग्गज जुट गए हैं। यह होड़ इसलिए कांटे की है, क्योंकि प्रदेश में चुनाव किसी नेता के चेहरे पर नहीं लड़ा गया। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि प्रदेश में जीत भले ही स्थानीय नेतृत्व के बूते हो, लेकिन श्रेय मोदी और अमित शाह को ही मिले। मध्यप्रदेश में 2003 से भाजपा की सरकार है। इस दौरान उमा भारती और बाबूलाल गौर के छोटे कार्यकाल के बाद शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री की कमान ऐसे शुभ मुहूर्त में संभाली कि तमाम बाधाओं और व्यापम घोटाले जैसे आरोपों के बावजूद उनकी छवि धवल ही बनी रही। यही वजह है कि 18 साल मुख्यमंत्री रहने का मानक गढ़ने के बावजूद सत्ता विरोधी रुझान भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाया। मोदी-शाह के अनुयायी भले ही यह दावा करें कि मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में तो न शिवराज थे और न ही लाडली बहना ? तब इन दोनों प्रांतों में भाजपा कैसे जीत गई ? यहां गौरतलब है कि इन दोनों प्रांतों में कांग्रेस की सरकारें थीं, गोया, एंटी इनकंबैसी सिर चढ़कर बोल रही थी। अतएव मुख्यमंत्री की कुर्सी पर दावा भले ही प्रहलाद पटेल, नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, वीडी शर्मा, कैलाश विजयवर्गीय और महिला विधायक रीति पाठक जता रहे हों, लेकिन पहला हक शिवराज का ही बनता है। हकीकत यह भी कि उन्हीं के चेहरे पर इन सब नेताओं की लाज बच पाई है। शिवराज के बाद दूसरा बड़ा दावा केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल का है। प्रहलाद मूल भाजपाई होने के साथ प्रदेश और केंद्र में मंत्री रहने का लंबा अनुभव रखते हैं। चूंकि मई 2024 में लोकसभा चुनाव भी हैं, इस लिहाज से मध्यप्रदेश में पिछड़े वर्ग के चेहरे के रूप में उनका नाम शिवराज के बाद दूसरे क्रम पर है। भाजपा शासित जितने भी राज्य हैं, उनमें अकेले शिवराज ही ओबीसी का चेहरा हैं। ऐसे में यदि शिवराज को केंद्र या संगठन की राजनीति में बड़ा पद मिलता है तो ओबीसी वोट बैंक संभालने के नजरिए से प्रहलाद पटेल मुख्यमंत्री का चेहरा हो सकते हैं। उनके साथ उमा भारती तो है ही, लोधी समाज का बड़ा वोट-बैंक भी है। निर्विवाद होने के साथ उनकी छवि उज्जवल है। ऐसे में ओबीसी मुद्दे की राजनीति और वोट को केंद्र में रखकर देखा जाएगा तो शिवराज का वास्तविक विकल्प प्रहलाद पटेल ही हो सकते हैं। पटेल के बाद केंद्रीय मंत्री




नरेंद्र सिंह तोमर मुख्यमंत्री की दौड़ में शामिल हैं। ग्वालियर-अंचल के कद्दावर नेता के रूप में उनकी पहचान है। पार्षद पद के चुनाव से लेकर विधायक और सांसद के चुनाव तो उन्होंने जीते ही हैं, संगठन में भी कई छोटे पदों से लेकर प्रदेश अध्यक्ष की कमान भी उन्होंने दक्षतापूर्वक संभाली है। केंद्र में नरेंद्र मोदी की टीम में पिछले साढ़े 9 साल से तोमर विभिन्न विभागों का दायित्व संभाले हुए हैं। हालांकि कृषि मंत्री रहते हुए, जो कथित किसान हितों से जुड़े तीन विधेयक लाए गए थे, उस परिप्रेक्ष्य में किसानों के जबरदस्त विरोध के चलते सरकार को तीनों विधेयक वापिस लेने पड़े थे। तोमर राजनीति के बड़े खिलाड़ी होने के बावजूद जीत के लिए क्षेत्र बदलने के आदी रहे हैं। दरअसल मतदाताओं के प्रति विश्वास की कमी के चलते, उन्हें क्षेत्र बदलने की मजबूरी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा उनके मुख्यमंत्री बनने में बाधा कोई बड़ा जातीय समूह उनके पक्ष में नहीं होना भी है। फिर भी मोदी-शाह की जोड़ी किसी को भी मुख्यमंत्री बनाने की ताकत रखती है। ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मुख्यमंत्री बनने की कतार में हैं। हालांकि उनके पास विधायकों की संख्या ज्यादा नहीं है। उनके खाते में करीब 18 टिकट आए थे। जिनमें से करीब 8 हारे हैं। ग्वालियर-चंबल अंचल में भी उनके पांच विधायक जीत पाए हैं। इनके अलावा गोविंद सिंह राजपूत, तुलसी सिलावट, प्रभुराम चौधरी, मनोज पटेल और नीलांशु चतुर्वेदी ने जीत हासिल की है। गोया, विधायक दल को मुख्यमंत्री चुनने का मौका मिलता है तो आलाकमान के इशारे के बिना उन पर सहमति नहीं बन पाएगी। हालांकि उनकी दावेदारी इसलिए जताई जा रही है, क्योंकि नरेंद्र मोदी जब ग्वालियर आए थे, तब उन्होंने सिंधिया को गुजरात का दादाद बताया और अमित शाह उन्हें महाराजा कह कर चुके हैं। इसलिए अटकलें लगाई जा रही हैं कि सिंधिया मुख्यमंत्री बन सकते हैं। परंतु सिंधिया के साथ कोई जातीय बहुलता नहीं है, अतएव जातीय कार्ड मुख्यमंत्री बनने की योग्यता है तो सिंधिया पिछड़ सकते है। वीडी शर्मा, कैलाश विजयवर्गीय और राकेश सिंह के नाम भी मुख्यमंत्री की दौड़ में शामिल हैं। इनमें शर्मा और कैलाश को सवर्ण समाज से होने का नुकसान उठाना पड़ सकता है, लेकिन संघ का दबाव बना तो इनमें से किसी एक को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। राकेश सिंह पिछड़े वर्ग में आने वाले कुर्मी समुदाय से हैं। वे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह के निकटतम रिश्तेदार हैं। उनकी पैरवी भूपेंद्र कर रहे हैं। लेकिन वे पर्याप्त दबाव बना पाते हैं अथवा नहीं यह कहना मुश्किल है। चौंकाने वाले फैसले लेने में माहिर मोदी-शाह की जोड़ी यदि प्रदेश को महिला मुख्यमंत्री देने की मंशा बना लेती है तो सीधी से विधायक रीति पाठक की मजबूत दावेदारी है। उनसे प्रदेश का ब्राह्मण वोट तो सधेगा ही महिला मतदाता भी नाराज नहीं होंगी। हालांकि भोपाल से विधायक कृष्णा गौर और इंदौर-4 से विधायक मालिनी गौड़ के भी नाम चल रहे हैं। कृष्णा भोपाल की महापौर रहने के साथ पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की पुत्रवधू हैं। वहीं मालिनी गौड़ इंदौर की महापौर रह चुकी हैं। गोया, दोनों ही महिलाएं बड़ा राजनीतिक अनुभव रखती हैं। लेकिन लोकसभा चुनाव होने से पहले यदि शिवराज को हटाया जाना आसान नहीं होगा। क्योंकि नए मुख्यमंत्री के नाम का चयन आसान नहीं है। इसलिए मुख्यमंत्री को एकाएक बनाया जाना मुश्किल होगा। दरसल शिवराज विनम्र और उदार चेहरा होने के साथ लाडली बेटियों और बहनों के अलावा अपनी जाति का बड़ा वोट-बैंक भी साथ रखते हैं। वे धाकड़-किरार समाज से आते हैं, इस समाज का वोट पूरे मध्यप्रदेश में फैला हुआ है। शिवराज के साथ जीत कर आए अधिकतम विधायकों का समर्थन है। प्रशासनिक व्यवस्था भी न केवल उनके अनुकूल है, बल्कि लोकसभा चुनाव के अनुरूप भी है। गोया, शिवराज को पटकनी देना मोदी-शाह की जोड़ी को महंगा सौदा भी साबित हो सकता है ?

-प्रमोद भार्गव, लेखक, पत्रकार

# विश्व मृदा दिवस पर विशेष: मिट्टी और पानी जीवन का एक स्रोत

हर साल 5 दिसंबर को खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा 'विश्व मृदा दिवस', बढ़ती जनसंख्या की वजह से मिट्टी के कटाव को कम करने की दिशा में काम करने, लोगों को उपजाऊ मिट्टी के बारे में जागरूक करने तथा संसाधन के रूप में मिट्टी के स्थायी प्रबंधन की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। हमारे ग्रह का अस्तित्व मिट्टी और पानी के बीच के अनमोल संबंध पर निर्भर करता है। हमारा 95 प्रतिशत से अधिक भोजन इन दो मूलभूत संसाधनों से उत्पन्न होता है। मिट्टी और पानी, पौधों द्वारा पोषक तत्वों के अवशोषण के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो हमारे पारिस्थितिक तंत्र को एक साथ बांधते हैं। यह सहजीवी संबंध हमारी कृषि प्रणालियों की नींव है। हालाँकि, जलवायु परिवर्तन और मानव गतिविधि के कारण, हमारी मिट्टी खराब हो रही है, जिससे हमारे जल संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। कटाव प्राकृतिक संतुलन को बाधित करता है, जिससे पानी की घुसपैठ और सभी प्रकार के जीवन के लिए उपलब्धता कम हो जाती है। मृदा प्रबंधन प्रथाएं, जैसे न्यूनतम जुताई, फसल चक्र, कार्बनिक पदार्थ जोड़ना और कवर फसल, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करती हैं, कटाव और प्रदूषण को कम करती हैं, और जल घुसपैठ और भंडारण को बढ़ाती हैं। ये प्रथाएँ मिट्टी की जैव विविधता को संरक्षित करती हैं, उर्वरता में सुधार करती हैं और कार्बन पृथक्करण में योगदान करती हैं, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विश्व मृदा दिवस 2023 (डब्ल्यूएसडी) और इसके अभियान का उद्देश्य टिकाऊ और लचीली कृषि खाद्य प्रणालियों को प्राप्त करने में मिट्टी और पानी के बीच के महत्व और संबंध के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। डब्ल्यूएसडी एक अनूठा वैश्विक मंच है जो न केवल मिट्टी का जश्न मनाता है बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार के लिए दुनिया भर के नागरिकों को सशक्त और संलग्न भी करता है। 5 दिसंबर को मनाए जाने वाले वार्षिक विश्व मृदा दिवस के लिए, इस वर्ष आईएसआर आईसी विश्व मृदा संग्रहालय मिट्टी और पानी: जीवन का एक स्रोत विषय पर एक घंटे के ऑनलाइन इंटरैक्टिव कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है। जूम के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में भाग लेना निःशुल्क है और पंजीकरण की आवश्यकता है। एक घंटे के कार्यक्रम में निम्नलिखित शामिल हैं। मिट्टी की विविधता और पानी के संबंध में उनके प्रबंधन को देखने के लिए विश्व मृदा संग्रहालय का एक संक्षिप्त दौरा। भूमि मृदा फसल हब के शोधकर्ता मुसेफा रेडी के साथ इथियोपिया के फील्डवर्क में एक आभासी भ्रमण, यह देखने के लिए कि वह मिट्टी के जल प्रतिधारण को कैसे और क्यों मापते हैं। मृदा डेटा विशेषज्ञों से सॉयल-ग्रिड्स वैश्विक मृदा मानचित्रों पर देखे गए मृदा जल प्रतिधारण के पैटर्न का परिचय। इस प्रकार के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य है कि हम अपने साथियों की और आने वाली पीढ़ी को मिट्टी के महत्व के प्रति जागरुक करें, और एक स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की नींव रखें।





**ई.रूपेश अरोरा, वाइल्डलाइफ फोटो ग्राफर, रुद्रपुर**

# मिट्टी का मान

बार बार पैरो तले कुचले जाने से मिट्टी अपने भाग्य पर रूदन करने लगी, सोचने लगी मै आह!मै भी कैसी बदनसीब हू कि लोग मेरा अपमान करते है।कोई मुझे सम्मान की दृष्टि से नही देखता,जबकि मुझसे ही खिलने वाले फूलो का कितना सम्मान है लोग अपने आराध्य के चरणो मे इन्हे चढ़ाते है।काश मै भी लोगो के मस्तक पर चढ़ जाऊ! मिट्टी की आह को जानकर कुंभकार बोला !बहन ! मै तुम्हे बड़ा सम्मान दिलवा सकता हू,लेकिन एक शर्त है । एक क्या जितनी भी शर्ते हो मुझे स्वीकार है। बस लोग मुझे लोग पैरो तले हटा दे कुंभकार की बात बीच मे ही काटते हुए मिट्टी ने कहा। यह सुनकर कुंभकार तैयार हुआ। उसने जमीन खोदकर मिट्टी बाहर निकाली उसे घर ले आया उसकी कुटाई करके उसे लकडी़ से पीसा फिर,उसे पानी मे डालकर उसे खूब गीला किया इतना ही नही उसे पैरो से खूब रौदा। मिट्टी बीच- बीच मे उफ करती, कभी आहे भरती और कष्ट के मारे रोती,कलपती, पर कुंभकार चुपचाप अपना काम करता,वह मिट्टी को समझाता। मिट्टी अपने आप को समझाती और चुप रह जाती। कुंभकार ने मिट्टी को चाक पर चढाया और तेजी से चलाते हुए घड़े का रूप दिया। फिर धूप मे सुखाया कष्ट सहते-सहते जब मिट्टी का धैर्य टूटने लगा तो कुंभकार बोला!बस बहन अब केवल एक आवे की अग्नि-परीक्षा शेष है। सीता को लोग सिर झुकाकर सम्मान देते है,परन्तु तुम्हे तो स्त्रिया सिर पर उठाकर सजाकर धमेगी। मिट्टी ने यह सुना और धीरज रखा। फिर क्या था! सचमुच महिलाओ ने लाल चुनरी बांधकर उसे सिर पर उठाया! मिट्टी प्रफुल्लित हो उठी,उसकी आराधना व तपस्चर्या सफल हो गयी थी।

-नरेश छाबड़ा, रूद्रपुर

# ट्रेन के टॉयलेट में लावारिश मिला बच्चा, दंपत्ति बना सहारा

देहरादून। जिसका कोई नहीं होता, उसका खुदा होता है। कुछ ऐसी ही कहावत चरितार्थ हुई है पांच माह के एक बच्चे के साथ। दून के एक मुस्लिम परिवार को ट्रेन के टॉयलेट में लावारिस हालत में पड़ा मिला। बच्चे को वह अपने घर ले आए। अब उसके वारिस का इंतजार है। जीएमएस रोड व्योमप्रस्थ निवासी फर्नीचर व्यवसायी फैयाज अहमद का परिवार रविवार को ट्रेन से ज्वालापुर से देहरादून लौट रहा था। इस बीच परिवार की महिला सदस्य टॉयलेट गई तो वहां देखकर हैरान रह गई। सामने एक बच्चा, जिसकी उम्र करीब पांच माह है, टॉयलेट की गंदगी में पड़ा खेल रहा था। महिला ने पहले तो पूरे कोच में सभी यात्रियों से इसके माता-पिता के बारे में पूछा लेकिन कोई सामने नहीं आया। इस दौरान देहरादून स्टेशन भी आ गया। लिहाजा, बच्चे को ये परिवार घर ले आया। उसका उपचार कराया। साथ ही इंदिरानगर पुलिस चौकी में इसकी सूचना भी दे दी। अभी तक कोई वारिस सामने नहीं आया है। फैयाज का कहना है कि वैसे तो उनके परिवार में कई बच्चे हैं लेकिन अगर खुदा ने इस बच्चे की परवरिश की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी तो वे इसके लिए भी तैयार हैं। अभी बच्चे का नाम नहीं रखा गया है। अगर कोई वारिस सामने आएगा तो पुलिस की मदद से जांच पड़ताल के बाद उसे सौंप देंगे।

# सिलक्यारा सुरंग में बचाव अभियान का खर्च कंपनी वहन करेगी

देहरादून। सिलक्यारा सुरंग से 41 मजदूरों को सकुशल बाहर निकालने के बचाव अभियान पर होने वाला खर्च इसका निर्माण कर रही कंपनी नवयुगा वहन करेगी। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) खर्च का ब्यौरा तैयार कर रहा है। 12 नवंबर की सुबह 5:30 बजे उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग में मलबा गिरने से 41 मजदूर फंस गए थे। उन्हें निकालने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया। देशभर की 12 से ज्यादा एजेंसियों, वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों की टीमों ने 17वें दिन इस अभियान को परवान चढ़ाया, लेकिन इस दौरान अमेरिकी ऑगर मशीन से लेकर प्लाज्मा कटर, लेजर कटर, ड्रिलिंग की मशीन, रोबोट सहित दर्जनों मशीन बचाव के लिए मंगाई गई थीं। कई मशीन तो चिनूक हेलीकॉप्टर तो कई हवाई माध्यम से दूसरे राज्यों से जौलीग्रांट एयरपोर्ट तक मंगाई गईं। इन पर बड़े पैमाने पर खर्च होने का अनुमान है। एनएचआईडीसीएल अब इस पूरे बचाव अभियान में हुए खर्च का ब्यौरा जुटा रहा है। निदेशक अंशु मनीष खल्खो ने बताया कि अभियान में हुए खर्च का बिल कंपनी को भुगतान करना होगा। हालांकि इस अभियान पर कितना खर्च हुआ है, इसका आंकड़ा अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। सिलक्यारा सुरंग में कैद होने के बाद बेबस मजदूरों ने शुरू में अपनी ओर से भी मलबा हटाने का प्रयास किया था। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दो मजदूर मलबा हटा रहे हैं और उनके बाकी साथी वहां खड़े होकर उनका हौसला बढ़ा रहे हैं। हालांकि जब उन्हें खतरा लगा तो वह पीछे हट गए।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के फाईनल में कसार वारियर्स विजेता

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। कॉलेज ग्राउंड सिमकनी में सिद्धदेश्वर महादेव क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कसार वारियर्स व सिमकनी वारियर्स के बीच खेला गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक उपस्थित रहे।साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश चंद्र जोशी, आर्यन छात्र संगठन के गिरीश पांडेय,छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल सिंह धामी, राजेश अलमिया व पूर्व छात्रसंघ कोषाध्यक्ष अभिषेक बनैला रहे।कार्यक्रम का संचालन उज्ज्वल जोशी द्वारा किया गया।फाइनल मुकाबले में कसार वारियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 120 रन का स्कोर सिमकनी वारियर्स के लिए रखा।जवाब में सिमकनी वारियर्स ने निधारित 15 ओवर मे 119 रन बनाए व मैच ड्रा हुआ।उसके बाद सुपर ओवर में कसार वारियर्स ने ये खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले के मैन ऑफ द मैच कसार वारियर्स के मोहित सिंह बिष्ट रहे।टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सूरज बिष्ट (कसार वारियर्ससर्वश्रेष्ठ गेंदबाज गौरव भाकुनी सिमकनी वारियर्सव प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट सूरज बिष्ट कसार वारियर्स रहे।अपने उदबोधन में पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने में खेलों का अत्यधिक महत्व है।जहां एक ओर खेलों के माध्यम से हमारे युवा शारिरिक रूप से मजबूत होते हैं वहीं दूसरी ओर अग इसे मात्र खेल भावना से ना खेलकर कैरियर के रूप में लिया जाए तो बहुत से खिलाड़ी हमारे उत्तराखंड का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी युवा शपथ लें कि वे नशे से हर कीमत पर दूर रहेंगे क्योंकि ये नशा आज हमारी जड़ों को खोखला करता जा रहा है।श्री कर्नाटक ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आने वाला समय युवाओं को है निश्चित रूप से हमारे अल्मोड़ा के युवाओं में वो जोश और काबिलियत है जिससे किवेअल्मोड़ा का नाम विश्व पटल पर ला सकेउन्होने कहा कि प्रदेश सरकार को अल्मोड़ा के युवाओं के हित में यहां एक स्पोर्ट्स कालेज खोलना चाहिए जिससे की युवाओं को सुविधाएं मिल सके और उनका आत्मविश्वास बढ़ सके । कार्यक्रम में बाहु,दीपभट्ट, सूर्या,नैतिक पांडेय, मयंक, गौरव, पुष्पेंद्र, नीरज धामी, विनोद, नीतीश, विजय,नितिन आदि लोग मौजूद रहे।



# ब्रिटानिया के ठेका मजदूरों का हुआ समझौता

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर ब्रिटानिया कंपनी के ठेके मजदूरों का प्रबंधन व ठेकेदार से समझौता हो गया है। 5 दिनों से सैकड़ो के संख्या में महिलाएं और पुरुष धरने में बैठे थे । 5 दिन के मजदूरों के कड़े संघर्ष के बाद मजदूरों की जीत सुनिश्चित हुई। कंपनी में हुई वार्ता में सुब्रत विश्वास के नेतृत्व में कंपनी ठेकेदार सतीश गुप्ता द्वारा मजदूरों की अधिकतर मांगों को मान लिया गया। सुब्रत विश्वास ने बताया कि समझौते के तहत पूरी ड्यूटी देने का प्रावधान, रात्रि ड्यूटी में किसी को बाहर नहीं निकाला जाएगा और सभी को नौकरी में लिया जाएगा। किसी का गेट बंद नहीं किया जाएगा, सैलरी स्लिप मिलेगी और जो सरकार द्वारा निश्चित की गई सैलरी है वहां सबको दी जाएगी। सुविधा भी आश्वासन मिलने के बाद ब्रिटानिया कंपनी के ठेकेदार मजदूरों ने अपना धरना तोड़ा और लिखित रूप में समझौता हुआ। समझोता मीटिंग में मजदूर नेता सुब्रत कुमार विश्वास, सिडकुल इंचार्ज प्रदीप कुमार, ठेकेदार मजदूर से शबाना, करमजीत, सूरज और मन्नू ब्रिटानिया कंपनी ठेकेदार सतीश गुप्ता आदि उपस्थित रहे। सभी वर्कों ने सुबह से ड्यूटी ज्वाइन करने का निर्णय लिया। वार्ता में इंकलाबी मजदूर केंद्र के सलाहकार दिनेश भट्ट और उनके सहयोगियों का भी योगदान रहा।



# एमएसएमई के 103 उद्योगों को मिलेगा जेड प्रमाणीकरण, बनेगी उत्पादों की विश्वसनीयता

देहरादून। उत्तराखंड के 103 एमएसएमई उद्योगों को जेड प्रमाणीकरण (जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट) मिला है। इसमें पांच उद्योगों को प्रमाणीकरण में स्वर्ण श्रेणी हासिल हुई है। इससे उद्योगों में बनने वाले उत्पाद वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियों को टक्कर देंगे। एमएसएमई मंत्रालय ने 2022 में जेड (जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट) प्रमाणीकरण योजना शुरू की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) में विनिर्माण में दक्षता मानव संसाधन, गुणवत्ता और कम से कम प्रदूषण, वित्तीय प्रबंधन को बेहतर करने प्रमाणीकरण करना है, जिससे उद्योगों में बनने वाले उत्पादों की विनिर्माण लागत में कमी आएगी। साथ ही वेस्टेज कम होगा। कार्यप्रणाली में नई तकनीक और बेहतर प्रबंधन से एमएसएमई उद्योग भी वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बड़ी कंपनियों को टक्कर दे सकेंगे। बीते एक साल में उत्तराखंड में 103 उद्योगों को जेड प्रमाणीकरण हासिल किया है। इसमें पांच उद्योगों को स्वर्ण, पांच को रजत और 93 को कांस्य श्रेणी का प्रमाणीकरण मिला है। इससे उद्योगों के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर एक अलग पहचान मिलेगी। राज्य गठन से पहले उत्तराखंड में कुल 14,163 एमएसएमई उद्योग स्थापित थे, जिसमें 700 करोड़ रुपये का निवेश था, लेकिन राज्य गठन के बाद से औद्योगिक विकास में तेजी आने से एमएसएमई उद्योग भी बढ़े हैं। वर्तमान में कुल 80 हजार से अधिक उद्योग स्थापित हैं, जिनमें 54 हजार करोड़ का पूंजी निवेश और चार लाख लोगों को रोजगार मिला है।

# दबंगों ने मां पुत्री पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मकान पर कब्जा करने के लिए दबंगों ने सामान निकालने आई मां पुत्री पर जन लेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अनिल कुमार सिंह पुढीर एडवोकेट विकास नगर थाना गांधीपार्क, अलीगढ ने कहा है कि 4 दिसंबर सांय 5 बजे उसकी बहन बिनीता कुमारी पत्नी विवेक चौहान निवासी फौजी मटकोटा अपने बच्चों के साथ शान्ति विहार कालौनी में अपनी पुत्री सारिका उर्फ परी के साथ अपने घर सामान निकालने गयी। तभी विकास पुत्र वीरेन्द्र सिंह, उसकी पत्नी रचना व साला मकान से सामान निकालने के लिए मना करने लगे। उसने इस बात का विरोध किया तो सभी ने एक राय होकर लोहे की रॉड लाठी डन्डों से बहन विनीता व उसकी पुत्री सारिका के साथ काफी मारपीट की। जिससे उसकी आंख में काफी चौटें आंई और एक हाथ फैक्चर हो गया। आरोप है विकास ने जान से मारने की नीयत से उसकी गर्दन पर पैर रखकर दबाया उसकी हालत नाजुक बनी हुई जिसका इलाज प्राईवेट अस्पताल में चल रहा है। विकास को उसके अन्य परिवारीजन सहयोग दे रहे हैं जिस कारण उसने विवेक चौहान के मकान और जमीन पर अनाधिकृत कब्जा बना रखा है। जमीन मकान को हडपने के उद्देश्य से उसकी बहन बिनीता व उसके पुत्र व पुत्री, बहनोई को उक्त लोग जान से मार सकते हैं। इस घटना की जानकारी मुझे टेलीफोन व वीडियोकॉल से प्राप्त हुई मेरी बहन के गम्भीर चोटें आई हैं घटना के समय बहुत से लोग इकट्ठे हो गये जिन्होंने मेरी बहन व उसकी लडकी को अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले की शिकायत एसएसपी कार्यालय में दे दी गई है।



# मकान में अंगीठी से आग लगने से सामान जलकर राख

नैनीताल। नैनीताल में होटल व्यवसायी के मकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। लकड़ी का मकान होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। दमकल की गाड़ियां मौके पर ना पहुंचने के कारण घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। नैनीताल के कमलासन कंपाउड क्षेत्र में सोमवार शाम होटल व्यवसायी के घर में ग लगने की जानकारी देने के बाद भी दमकल वाहन नहीं पहुंच पाए तो लोगों ने बाल्टी से ही आग बुझाने की कोशिश की लेकिन देखते ही देखते आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि उसे बुझा पाना मुश्किल हो गया। दमकल वाहन समय पर नहीं पहुंच पाए जिस कारण मकान के दो कमरे और उसमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि मकान लकड़ी का होने के कारण उसमें तेजी से आग फैल गई। दमकल की टीम मौके पर पहुंच नहीं पाई और सारा घर जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि घर में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाई गई थी। अंगीठी से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम नुकसान का आकलन कर रही है। इसके साथ ही आग लगने के कारणों का पता लगा रही है।



# गौर रक्षक दल का किया गठन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।नगर निगम द्वारा गौ रक्षक दल का गठन किया गया है जिसमें 20 कर्मचारी हैं यह गौ रक्षक दल नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग में घूमने वाले गोवंश को मुख्य मार्गो से से हटाने का कार्य करेंगे जिससे कि मुख्य मार्ग में विचरण करने वाले गोवंश से होने वाली दुर्घटनाएं रोकी जा सके।



यह गौ रक्षक दल मोटरसाइकिल के माध्यम से रानी बाग से लेकर तीन पानी ,रामपुर रोड में शीतल होटल तक, कालु सिद्ध मंदिर से ब्लॉकऑफिस तक, कुसुमखेड़ा चौराहे से कमालुवागांजा मोड तक , लालडांठ से कॉल टैक्स काठगोदाम समस्त कैनल रोड आदि का भ्रमण करते रहेंगे तथा गोवंश की स्थिति से अवगत कराएंगे तथा मुख्य मार्गो से गौवंश को हटायेगे गोवंश को गौशाला पहुंचाने हेतु मदद भी करेंगे।

## पेज एक का शेष...

**सीओ रानीखेत का ...**आकस्मिक मृत्यु की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया वहीं पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनका आज दोपहर अंतिम संस्कार किया गया। बता दें तिलक राम वर्मा साल 1998 में पुलिस विभाग में एसआई के पद पर भर्ती हुए थे। उनके द्वारा विभिन्न जनपदों में थानाध्यक्ष व कोतवाल के पद पर नियुक्त रहते हुए सेवाएं दी गयी। साल 2020 को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नत होने के बाद वह सीओ सीआईडी हल्द्वानी एवं इसके बाद 15 अगस्त 2022 से वर्तमान तक सीओ रानीखेत के पद पर अल्मोड़ा जिले में नियुक्त थे।

**२५ लाख और कार...**को पति जय कुमार, सास नीलम, नन्द रश्मि ने उसे जान से मारने की नियत से जबरदस्ती कोई नशे की दवाई पिला दी, जिससे प्रार्थिनी बेहोश होने लगी। उसने किसी तरह अपने घरवालों को सूचित किया। उसकी सास नीलम, नन्द रश्मि, पति जय कुमार ने धमकी दी कि अपने मायके वालों को इस बात को झूठा बताना, नहीं तो तुझ जान से मार देगे। सूचना मिलने पर उसका भाई 4.03.2023 को ससुराल आया। तब भी ससुरालियों नें भाई से 25 लाख रूपये व एमजी हैक्टर कार की मांग की। भाई ने ससुरालवालों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह लोग नही माने। तब भाई उसे सिर्फ पहनें कपड़ो में काशीपुर ले आया। जहां उसका ईलाज करवाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**जमीन बेचने के नाम पर...**जमीन उसके भाईयों प्रीतम सिंह व गुरकरन सिंह सिंह के नाम पर है। जब अमरजीत सिंह से कहा कि तुमने धोखाधड़ी की है। अमरजीत सिंह डेढ़ एकड़ जमीन की रजिस्ट्री में करवाने की बात करने लगा और बाकी डेढ़ एकड़ जमीन की रजिस्ट्री अपने भाईयों से करवाने की बात कही। माह अगस्त 2023 में भी उक्त अमरजीत सिंह ने तीन एकड़ जमीन की रजिस्ट्री नहीं करवायी। बार-बार अमरजीत सिंह से रजिस्ट्री करवाने को कहा गया लेकिन वह धमकियां देने लगा। 17 नवम्बर 2023 को जब उसके घर गये तो अमरजीत और उसका पुत्र गुरप्रीत सिंह गाली गलोच करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**भूखण्ड बेचने के नाम पर..**रुपए में खरीदने का सौदा यूके कंस्ट्रक्शन कंपनी जसपुर खुर्द काशीपुर के डायरेक्टर अहसान अली के साथ इस शर्त पर किया कि वह प्लाट में तीन कमरे,दो शौचालय, बाथरुम तथा बाहर की तरफ लॉन आदि का निर्माण करा कर देगा। अहसान अली द्वारा अपनी कंपनी के लेटर पैड व एक बुकिंग रसीद दिनांक 30.11.2020 को अपने हस्ताक्षर कर उसे दी। प्रमोद का कहना है उसने कुल 6,04,000 रूपये एहसान अली को अदा किये। उसने अहसान अली से भूमि का बैनामा कराये तथा निर्माण कार्य कराने को कहा तो वह लगातार टाल मटोल करता रहा। बाद में पता चला कि अहसान अली उस प्लाट का स्वामी ही नहीं है। जिस कारण पंजीकरण नहीं करा रहा है । अहसान अली द्वारा यूके कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम से कंपनी बना कर व उससे धोखाधड़ी कर रकम हड़प ली है और रुपया वापस नहीं कर रहा है । मामले की शिकायत पुलिस से करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**गर्भवती बहू को जान से ..**कुमार की ताई रीना देवी उसे कम दहेज लाने के ताने देते हुए तंग व परेशान करने लगे तथा दहेज में पाँच लाख रुपये नकद तथा एक मंहगी गाडी की माँग करने लगे। उक्त सभी लोग आये दिन उसके साथ मारपीट व घरेलू हिंसा कारित करते हुऐ खाने पीने आदि की वस्तुओं से वंचित रखने लगे। आरोप है कि 12-08-2023 को उसके पति ने उसके चरित्र पर लॉछन लगाते हुये मारपीट की तथा सास ससुर, देवर, जेठ, ननद, ने एक राय होकर उसको कम दहेज लाने के ताने लाकर मारपीट की तथा पति विजय कुमार यादव ने उसका गला दबा कर जान से मारने की कोशिश की। ससुराल जनों ने घर से केवल पहने हुए कपड़ों में उसका समस्त स्त्रीधन अपने कब्जे मे कर अपने घर से निकाल दिया । पीड़िता का कहना है कि उसके साथ कोई भी घटना घटित कर सकते हैं। क्योकि वह गर्भवती है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**विदेश भेजने के ..**या पैसे वापिस देने का वायदा करने लगे। लेकिन अब तक न तो उन्होंने पक्का वीजा दिया और न ही पैसे वापस किये। पैसे मांगने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई की गुहार लगायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**नगदी और जेवर ...**बच्चे भी घर में नहीं थे। वीरपाल का आरोप ही कि उसकी पत्नी रीना घर से लाखों रुपए कीमत के जेवरात, हजारों की नगदी था बच्चों कोअपने साथ लेकर कही पर चली गई है। सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन करने के बाद भी उसका कुछ पता नही चल रहा है। वीरपाल ने पुलिस से उसकी पत्नी तथा बच्चों को तलाशने की गुहार लगाई है।

**पुलिस ने धार्मिक ...**और विरोध प्रकट करते हुए मामले की सूचना पुलिस को दी जिस पर कोतवाली से पुलिस टीम मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने मौके पर निर्माण कार्य रूकवा दिया। हंगामा होता देख निर्माण करा रहे लोग मौके से फरार हो गये। शांति व्यवस्था के लिए फिलहाल मौके पर पुलिस तैनात कर दी गयी है।

# निजी चिकित्सालय के बाहर से बाईक चोरी

रूद्रपुर(ऊधमसिंह नगर)। अज्ञात वाहन चोरों ने विगत दिवस मुख्य बाजार में एक निजी चिकित्सालय के बाहर खड़ी मोटरसाईकिल चोरी कर ली। आजादनगर ट्रांजिट कैम्प निवासी शांति स्वरूप पुत्र झांझनलाल ने बताया गत 3 दिसम्बर को वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एसी 0616 पर सवार होकर मुख्य बाजार में एक निजी चिकित्सालय में भर्ती मरीज को देखने के लिए आया था। उसने अपनी मोटर साईकिल चिकित्सालय के बाहर लॉक लगाकर खड़ी कर दी। कुछ देर बाद जब वह चिकित्सालय से बाहर आया तो उसकी मोंटरसाईकिल वहां पर मौजूद नही थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी मोटरसाईकिल का कहीं कोई पता नहीं चला। शांति स्वरूप ने बताया कि वह मामले की सूचना पुलिस को दे रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बाघिन को किया ट्रैंकुलाइज

रामनगर (उद संवाददाता)।कॉर्बेट टाइगर रिजर्व व रामनगर तराई पश्चिम वन प्रभाग के लगते क्षेत्र कानियाँ व आसपास के क्षेत्र में लगातार मवेशियों को निवाला बना रहे बाघ व उसके शावक को देर रात कॉर्बेट प्रशासन ने ट्रेंकुलाइज



कर रेस्क्यू सेंटर भेज दिया। जानकारी के मुताबिक रामनगर के ग्राम कानिया और आसपास के क्षेत्र में आतंक का पर्याय बन चुके दोनों बाघ को रविवावर देर रात 1:30बजे पार्क प्रशासन ने सकुशल पकड़ लिया। इनको कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढेला रेंज में स्थित रेस्क्यू सेंटर में ले जाया गया। ढेला रेस्क्यू सेंटर में इन बाघो का परीक्षण करने के बाद स्वस्थ होने पर अंदर जंगल में छोड़ दिया जाएगा। बता दें कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम कानियाँ में बाघ की दहशत बनी हुई थी।जिसमे पिछले दो हफ्ते में बाघ द्वारा 5 से ज्यादा मवेशियों को अपना निवाला बना दिया था ,जिसके बाद पिछले हफ्ते ग्रामीणों में आक्रोश भी देखा गया था और ग्रामीणों ने साँवल्दे ढेला मार्ग को कुछ घंटे के लिए बंद कर दिया था और बाघ को पकड़े जाने की मांग की थी।उक्त घटनाओं के लिए कॉर्बेट प्रशासन ने इन बाघो को चीन्हित कर लिया है, तथा मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड से उक्त चिन्हित बाघ को ट्रैंकुलाईज कर क्षेत्र से पकड़ कर हटाने की अनुमति देर शाम प्राप्त कर ली थी। वहीं अनुमति मिलने के कुछ घंटों में ही कॉर्बेट प्रशासन ने चिंहित बाघ को रात 1:30बजे ट्रेंकुलाइज कर लिया,जिसमे एक से 9 वर्षीय बाघिन के साथ ही उसका शावक भी है। बाघ का परीक्षण करने में दोनों ही बाघ स्वस्थ है। जानकारी देते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉक्टर धीरज पांडे ने बताया कि पिछले कुछ समय से कॉर्बेट व तराई पश्चिमी से लगते कानियाँ क्षेत्र में बाघों की उपस्थिति दर्ज की जा रही थी, जिस क्रम में हमारे द्वारा उस क्षेत्र में कैमरा ट्रैप लगाने के साथ ही रात और दिन गस्त करने के साथ ही ड्रोन से भी लगातार निगरानी रखी जा रही थी, वही चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन की अनुमति के बाद आज क्षेत्र से एक बाघिन व उसके एक शावक को ट्रेंकुलाइज कर लिया गया है।दोनो बाघ स्वस्थ है और दोनों की निगरानी की जा रही है।

# फाइनल मुकाबले में कालाढूंगी का कब्जा

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। किसान मोर्चा जिला नैनीताल द्वारा रामलीला मैदान कालाढूंगी में जिला स्तरीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्धघाटन किसान मोर्चा के जिला



अध्यक्ष संदीप कुकसाल और किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री महेन्द्र नेगी जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। भजपा के जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट और किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह पुंडीर ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनको उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नमो कब्बड़ी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में कालाढूंगी मंडल और भीमताल मंडल के बीच काटे का मुकाबला देखने को मिला जिसने अंतिम राउंड में कालाढूंगी मंडल की टीम विजय रही। विजेता और उपविजेता टीम को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिला महामंत्री गोविंद मनराल ,रंजन बर्गली , प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया , प्रदेश मंत्री कमल मुनि , सोशल मिडिया प्रभारी विकास शर्मा , मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री विपिन पांडेय,महिला मोर्चा महामंत्री हल्द्वानी भावना गुप्ता व किसान मोर्चा के मदन रावत, नरेंद्र खनायत, हरीश काण्डपाल, अरुण नेगी, देवेन्द्र परिहार, राजेन्द्र जलाल,भैरव खोलिया,मनमोहन गडकोटी,गणेश काण्डपाल,तारादत्त पांडेय,दीवान सिंह बिष्ट, गोपाल बुध लाकोटी,आदि समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जिलामहामंत्री गोविंद मनराल व ईव दिनेश सिंह ने किया।






# संकल्प समारोह में किया नशा मुक्ति अभियान चलाने का आह्वान

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस समाचार सर्विस की ओर से संकल्प समारोह का आयोजन ग्राम महतोष में किया गया इस दौरान समारोह का उद्देश्य जिम्मेदार कौन आखिर कौन ? पर आधारित नशा मुक्ति अभियान भी चलाया गया। इस मौके पर संकल्प करवाते हुए छोटे-छोटे बच्चों को नशे के आदी होने से बचाने और नशा मुक्त समाज का सृजन करने का संकल्प करवाया गया । इस मौके पर देशबंधु स्कूल के बच्चों द्वारा नशा मुक्ति पर एक एकांकी नाटक प्रस्तुत किया गया । इस दौरान उत्तराखंड डायरेक्टर सीएमएस गुरबाज सिंह डुमरा ने बताया कि संकल्प समारोह





का मुख्य उद्देश्य भावी पीढ़ी को नशा मुक्त करते हुए समाज में नशे के व्यापार को बंद करने हेतु अभियान चलाना है उन्होंने सभी से सहयोग की अपील की । इस दौरान ऑल इंडिया असिस्टेंट डायरेक्टर सीएमएस एडवोकेट अजय कुमार, संपादक विजय कुमार त्रिगुणापत्र, जगदीश चंद्र विश्वास, नेपाल विश्वास की मौजूदगी के अलावा अन्य जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक बार एसोसिएशन अध्यक्ष एमपी तिवारी ,चीफ मेडिकल अफसर, जिला शिक्षाधिकारी, सीआईडी डायरेक्टर ,कैबिनेट मंत्री अजय भट्ट, रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा ,गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ,किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, राजेश शुक्ला एवं प्रेमानंद महाजन, मेयर रुद्रपुर रामपाल, उत्तम दत्ता ,विपिन जल्होत्रा, हरीश मुंजाल, जरनैल सिंह काली, हिमांशु सरकार ,काबल सिंह ,राजकुमार शाह, राजेंद्र सिंह राजू ,अनादि मंडल ,जगदीश सुदर्शन, सतीश मुंजाल,ओमिओ कुमार, अर्जुन कुमार गुप्ता, चंद्रसेन कोली, मधुव्रत राय, सुमित श्रीवास्तव ,मनितोष बाला सहित तमाम जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया । इस अवसर पर तमाम ग्रामीण लोग मौजूद रहे ।

# जंगली जानवरों के आतंक से परेशान ग्रामीणों किया प्रदर्शन

रामनगर (उद संवाददाता)। विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार वन्यजीवों का आतंक ग्रामीणों को दहशत के साए में जीने के लिए मजबूर कर रहा है।बाघ और गुलदार लगातार ग्रामीणों के पालतू पशुओं को जहां एक ओर अपना शिकार बना रहे हैं तो वही कई इंसानों को भी अपना निवाला बन चुके हैं। जंगली हाथी ग्रामीणों की खून पसीने की कमाई से खेत में लगाई गई फसलों को भी लगातार चौपट कर रहे हैं लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी ग्रामीणों को राहत देने में लगातार नाकाम साबित हो रहे हैं। ग्राम कानिया क्षेत्र में पिछले हफ्ते एक बाघ द्वारा पांच मवेशियों को अपना शिकार बना लिया था तो वही हाथी डगर क्षेत्र में बाघ ने एक महिला को मौत के घाट उतारने के साथ ही कई लोगों को घायल कर दिया था। रविवार की देर रात कॉर्बेट पार्क प्रशासन ने कानिया क्षेत्र से दो बाघो को रेस्क्यू कर लिया था लेकिन इसके बाद भी ग्रामीणों का आक्रोश थम नहीं रहा है। सोमवार को दर्जनो ग्रामीणों ने कॉर्बेट कार्यालय पहुंचकर अधिकारी को खिलाफ जमकर नाराजगी जताते हुए धरना देते हुए कहा कि दो बाघ पकड़ने से मामला शांत नहीं होगा। उन्होंने कहा कि गांव में अभी कई बाघ और गुलदार है इन सभी को यहां से दूसरी जगह भेजा जाए तथा गांव में सुरक्षा दीवार बनाने के साथ ही जंगली जानवरों का शिकार होने वाले मृतकों के परिजनों को मुआवजा राशि बढ़ाकर 25 लाख रुपए दी जाए तथा घायलों का उपचार विभाग द्वारा निशुल्क कराया जाए उन्होंने कहा कि यदि विभाग ने उनकी मांगों को नहीं माना तो शीघ्र एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



